https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

वर्ल्ड लॉयन डे आज

वर्ष: 4 | अंक: 241 जयपुर, रविवार, 10 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विसं 2082 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### ICICI बैंक: नए बचत खातों के लिए न्यूनतम बैलेंस किया 50 हजार रुपए



नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक ने एक अगस्त या उसके बाद खोले जाने वाले नए बचत बैंक खातों के लिए न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता पांच गुना बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दी है। बैंक के ग्राहकों के लिए 31 जुलाई, 2025 तक बचत खातों में न्यूनतम मासिक औसत शेष राशि (एमएबी) 10 हजार रुपए थी। बैंक ने अर्ध-शहरी इलाकों में यह सीमा 25,000 और ग्रामीण इलाकों में 10,000 रुपए कर दी है। अगर खाताधारक तय बैलेंस नहीं रख पाते हैं तो उन्हें कमी की राशि का छह प्रतिशत या 500 रुपए (जो भी कम हो) जुर्माना देना होगा। सैलरी अकाउंट, प्रधानमंत्री जनधन खाते और बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट धारकों को इस नियम से छूट मिलेगी।

### एटीएम से अब ज्यादा निकलेंगे 100-200 के नोट



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक एटीएम से निकलने वाले नोटों की व्यवस्था में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। छोटे नोटों यानी 100 और 200 रुपए की उपलब्धता बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटर्स को निर्देश दिया है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि 30 सितंबर, 2025 तक कम से कम 75% तक एटीएम से 100 या 200 रुपए के नोट ही निकलें। इसके बाद 31 मार्च, 2026 तक यह आंकड़ा 90% तक पहुंचना चाहिए। अपने इस आदेश को लेकर रिजर्व बैंक ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह कदम 500 के नोटों को बदलने के लिए नहीं है। इसका मकसद रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए कम मूल्य के नोटों की उपलब्धता को बढ़ाना है।

### प्रधानमंत्री ने बालिकाओं से बंधवाई राखी और सोशल मीडिया पर जारी किया वीडियो

# पीएम मोदी ने स्कूली छात्राओं संग साझा की रक्षाबंधन की खुशियां

**बेधड़क** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने आवास पर रक्षाबंधन मनाया, जहां स्कूली छात्राओं और आध्यात्मिक संगठन 'ब्रह्माकुमारी' की सदस्यों ने उनकी कलाई पर राखी बांधी।

पीएम मोदी ने इस उत्सव की एक वीडियो क्लिप साझा की, जिसमें छात्राओं के एक समूह ने अपनी खुशी और भावनाओं को व्यक्त किया है।

इस दौरान एक छात्रा ने उन्हें 'योद्धा और रक्षक' कहकर सराहा, तो कुछ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। एक स्कूली छात्रा ने कहा कि वह 'मोदी अंकल' के लिए मोर वाली राखी लाई है, जबकि एक अन्य ने उनकी तरह प्रधानमंत्री बनने की इच्छा जताई।

प्रधानमंत्री ने एक छात्रा की प्रशंसा की, जिसने कई सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्हें एक कविता में शामिल किया था।

मोदी ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए 'एक्स' पर एक संदेश भी पोस्ट किया। वीडियो क्लिप पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, 'आज रक्षाबंधन के एक बेहद खास उत्सव की झलकियां यहां प्रस्तुत हैं। हमारी नारी शक्ति के निरंतर विश्वास और स्नेह के लिए उनका आभार।'



*पीएम मोदी ने एक नन्हीं बालिका के साथ लव साइन बनाकर दिया प्रेम का संदेश।*

### ज्ञान और अभिव्यक्ति का शाश्वत स्रोत है संस्कृत: पीएम

पीएम मोदी ने शनिवार को विश्व संस्कृत दिवस पर अपने संदेश में कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में इस प्राचीन भाषा को लोकप्रिय बनाने के लिए अनेक प्रयास किए हैं। संस्कृत ज्ञान और अभिव्यक्ति का एक शाश्वत स्रोत है। यह दिवस प्रतिवर्ष 'श्रावण पूर्णिमा' को मनाया जाता है।

### भारत छोड़ो आंदोलन' की 83वीं वर्षगांठ: मोदी ने दी श्रद्धांजलि

पीएम मोदी ने शनिवार को 'भारत छोड़ो आंदोलन' की 83वीं वर्षगांठ पर इसमें भाग लेने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके साहस ने देशभक्ति की ऐसी चिंगारी जलाई, जिसने स्वतंत्रता की ललक में असंख्य लोगों को एकजुट किया। उन्होंने कहा कि हम उन सभी बहादुर लोगों को गहरी कृतज्ञता के साथ याद करते हैं, जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया।

**पीएम का बेंगलुरु दौरा आज:** प्रधानमंत्री मोदी रविवार को बेंगलुरु मेट्रो की बहुप्रतीक्षित येलो लाइन जनता को समर्पित करेंगे और बेंगलुरु-बेलगावी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।

### एसआई पेपर लीक मामले में एसओजी की कार्रवाई

# गहलोत की सुरक्षा में रहा हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

### ■ जिसके लिए पेपर खरीदा, वह बेटा भी अरेस्ट

**बेधड़क** | जयपुर

एसआई भर्ती 2021 पेपर लीक मामले में एसओजी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सुरक्षा में रहे हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव और उसके बेटे भरत को गिरफ्तार किया है। दोनों को शुक्रवार देर रात हिरासत में लिया और शनिवार को कोर्ट में पेश कर 12 अगस्त तक रिमांड पर लिया है।

एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया कि राजकुमार ने अपने बेटे भरत के लिए प्रश्न पत्र खरीदा था। जांच में सामने आया है कि भरत ने इस पेपर से लिखित परीक्षा पास की थी, लेकिन फिजिकल टेस्ट में फेल होने से उसका चयन नहीं हुआ। राजकुमार ने यह पेपर परिचित रविंद्र सैनी और सत्येंद्र सिंह यादव को भी दिया था। सत्येंद्र और रविंद्र इस पेपर की मदद एसआई बन गए। हाल ही गिरफ्तार प्रोबेशनर एसआई सत्येंद्र सिंह से पूछताछ में राजकुमार का नाम सामने आया था। राजकुमार ने पेपर शिक्षक कुंदन पंड्या से खरीदा था।



*एसओजी की गिरफ्त में राजकुमार यादव और उसका बेटा भरत यादव।*

### सीएम सिक्योरिटी में रहते हुए बनाए संपर्क

राजकुमार यादव अशोक गहलोत के कार्यकाल में सीएम सिक्योरिटी में तैनात थे। इस दौरान उन्होंने आरपीएससी के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा के परिचित शिक्षक कुंदन पंड्या से सम्पर्क कर पेपर खरीदा। गहलोत के कार्यकाल के बाद राजकुमार पुलिस लाइन जयपुर में तैनात हैं। कुछ समय पहले गहलोत की सुरक्षा में लगे दो पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर होने के बाद राजकुमार को आवश्यकता पड़ने पर गहलोत की सुरक्षा में लगाया जाता रहा है।

### बिना दबाव काम करे एसओजी: गहलोत



मामले के बाद गहलोत ने एक्स पर लिखा कि मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है कि मेरी सुरक्षा में तैनात जयपुर पुलिस लाइन के एक हेड कांस्टेबल और उसके पुत्र को एसओजी ने पकड़ा है। यदि किसी की अपराध में संलिप्तता है तो कानून अपना काम करे। मुझे उम्मीद है कि एसओजी बिना किसी दबाव के इस मामले की निष्पक्ष जांच कर एक तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचेगी।

### गहलोत सरकार की नकल माफिया से सांठगांठ की पुष्टि: किरोड़ी



कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मैंने कई बार दोहराया था कि पूर्ववर्ती सरकार के संरक्षण में नकल माफिया ने पेपर लीक किए। एसआई भर्ती मामले में एसओजी की ओर से पूर्व सीएम अशोक गहलोत की सुरक्षा में रहे राजकुमार यादव और उनके बेटे भरत यादव की गिरफ्तारी से इसकी पुष्टि हो गई है।

### CM ने दी कृषक उपहार योजना में संशोधन की स्वीकृति

# ई-नाम पर कृषि जिंस बेचेंगे तो ही मिलेगा ईनाम

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने किसानों को पारदर्शी और डिजिटल माध्यम से कृषि जिंसों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित 'कृषक उपहार योजना' में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। अब इस योजना का लाभ उन किसानों को ही मिलेगा, जो ई-नाम पोर्टल के माध्यम से बिक्री करते हुए ई-पेमेंट (इलेक्ट्रॉनिक भुगतान) प्रणाली से भुगतान प्राप्त करते हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को कृषि विपणन विभाग की ओर से भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार अब उन्हीं किसानों को उपहार कूपन जारी किया जाएगा, जिनकी जिंसों की बिक्री ई-नाम पोर्टल पर दर्ज हुई हो और उसका भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से प्राप्त किया गया हो। योजना के वर्तमान स्वरूप में देखा जा रहा था कि ई-नाम पर कृषि जिंस की विक्रय पर्चियों पर जारी कूपन की तुलना में ई-पेमेंट पर जारी कूपन की संख्या काफी कम है। अब केवल ई-पेमेंट पर ही उपहार कूपन जारी किए जाने से ई-नाम पोर्टल पर बिक्री के साथ किसान और व्यापारी तत्काल एवं सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के लिए प्रेरित होंगे।



### हर 10 हजार की राशि पर मिलेगा एक कूपन

संशोधित योजना में ई-पेमेंट से प्राप्त कृषि उपज विक्रय की प्रति 10 हजार की राशि एवं इसके गुणकों में उपहार कूपन ई-नाम सॉफ्टवेयर द्वारा जारी किए जा सकेंगे। प्रत्येक 6 माह में मंडी स्तर पर ड्रॉ निकालकर 50,000 रुपए का प्रथम पुरस्कार 30,000 रुपए का द्वितीय पुरस्कार और 20,000 रुपए का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### कश्मीर: आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान शहीद

**बेधड़क** | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान शुक्रवार रात हुई गोलीबारी में दो जवान शहीद हो गए। वहीं दो सुरक्षाकर्मी घायल भी हुए हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार देर रात आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई भीषण गोलीबारी में चार सैन्यकर्मी घायल हो गए थे। इनमें से लेफ्टिनेंट कर्नल प्रितपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह शहीद हो गए।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर एयर चीफ मार्शल ने कहा...

## पाक के 5 लड़ाकू और एक बड़ा विमान मार गिराया



**बेधड़क** | बेंगलुरु

एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने शनिवार को कहा कि भारतीय वायुसेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमानों और एक बड़े विमान को मार गिराने की पुष्टि की है। उन्होंने इसे भारत द्वारा सतह से हवा में मार गिराने का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बताया।

उन्होंने यहां एयर चीफ मार्शल एल.एम. कात्रे स्मृति व्याख्यान के 16वें संस्करण के दौरान कहा कि इस ऑपरेशन के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी), ड्रोन और उनकी कुछ मिसाइलें भी भारतीय क्षेत्र में गिरीं। एयर चीफ मार्शल के अनुसार, एस-400 वायु रक्षा प्रणाली पासा पलटने वाली साबित हुई है। एस-400 प्रणाली की वजह से पाकिस्तान भारतीय वायु रक्षा प्रणाली को भेद नहीं सका।

### त्योहारी सीजन के लिए यात्रियों को सौगात

## रेलवे वापसी यात्रा टिकटों पर देगा 20 प्रतिशत की छूट

**बेधड़क** | नई दिल्ली

रेल मंत्रालय ने शनिवार को एक योजना की घोषणा की, जिसके तहत एक ही ट्रेन से 13-26 अक्टूबर के बीच यात्रा और 17 नवंबर से एक दिसंबर तक वापसी के लिए बुक किए गए टिकटों पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट 14 अगस्त से बुक किए गए टिकटों पर लागू होगी। यह छूट राजधानी, शताब्दी, दुरंतो जैसी ट्रेनों पर लागू नहीं होगी, इन ट्रेनों के किराए में मांग के आधार बढ़ोतरी होती है।



रेल मंत्रालय के अनुसार बुकिंग केवल दोनों दिशाओं में कन्फर्म टिकटों के लिए ही स्वीकार्य होगी। वापसी यात्रा के मूल किराए पर ही 20 प्रतिशत की कुल छूट दी जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस योजना के तहत बुकिंग जाने और आने दोनों यात्राओं के लिए एक ही श्रेणी और एक ही प्रस्थान-गंतव्य ट्रेन के लिए होगी। इस योजना के तहत बुक किए गए टिकटों का किराया वापस नहीं किया जाएगा।

### राजधानी में लोगों के हाल-बेहाल

# दिल्ली में बैरन बारिश: दीवार ढहने से आठ लोगों की मौत

**बेधड़क** | नई दिल्ली

सावन मास की विदाई से पहले शनिवार को हुई भारी बारिश ने दिल्ली में लोगों के हाल बेहाल कर दिए। जैतपुर में मोहन बाबा मंदिर के पास दीवार गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई। दीवार गिरने के सही कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि, अधिकारियों ने रात भर हुई भारी बारिश के कारण जलभराव और मिट्टी के कमजोर होने से हादसे की आशंका जताई है। मृतकों में तीन पुरुष, दो महिलाएं और दो किशोरियां शामिल हैं। रक्षाबंधन पर हुई इस बारिश ने सड़कों को तालाब में बदल दिया। लोगों के वाहन जलभराव में फंस गए। कई इलाकों में चार फीट तक पानी भर गया, जिससे लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया। बारिश ने त्योहारी बिक्री पर भी पानी फेर दिया है।

वहीं, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के शरोद नाले में बादल फटा है। यहां किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लैंडस्लाइड के चलते चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद है।

### 300 से ज्यादा फ्लाइट्स देरी से उड़ी

दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में बारिश शुक्रवार देर रात 11 बजे ही शुरू हो गई थी। बारिश के चलते इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 300 से ज्यादा फ्लाइट्स ने देरी से उड़ान भरी। कई इलाकों में पानी भरने से जाम के चलते यातायात अस्त-व्यस्त हो गया है। दिल्ली में शनिवार सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में 100 मिमी तक बारिश दर्ज की गई।



*दिल्ली के जैतपुर में हरिनगर स्थित मोहन बाबा मंदिर के पास दीवार गिरने के बाद मलबा हटाते बचावकर्मी।*

### जयपुर समेत कई जिलों में बरसे मेघ

**जयपुर।** सावन में जमकर बरसे मेघों ने आखिरी दिन भी मेहरबानी दिखाई। राजस्थान के कई जिलों में शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश हुई। इस दौरान जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली और डूंगरपुर जिलों में बारिश दर्ज की गई। शनिवार को डीग में सबसे अधिक 35 मिमी बारिश हुई, इसके बाद सीकरी में 17 मिमी, जुरेहरा में 15 मिमी, कठूमर में 12 मिमी, छबड़ा और तिजारा में 7 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### मोदी ने अचानक क्यों रोका ऑपरेशन सिंदूर: कांग्रेस



कांग्रेस ने वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के बयान को लेकर शनिवार को कहा कि अब यह प्रश्न और भी जरूरी हो गया है कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने 10 मई की शाम को अचानक ऑपरेशन सिंदूर क्यों रोक दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री पर दबाव कहां से आया और उन्हें इतना जल्दी क्यों झुकना पड़ा?

## जरूरी खबर

### माउंट आबू में भूकंप के झटके, लोगों में दहशत

**बेधड़क, जयपुर।** पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू और सिरोही जिले में शनिवार रात 9:03 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। आबू रोड, रेवदर, मंडार और सिरोही सहित कई क्षेत्रों में कुछ सेकंड तक चले इन झटकों से लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तेज कंपन और बादलों की गड़गड़ाहट जैसी आवाज सुनी, जिसके बाद वे घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, भूकंप से किसी भी तरह की जान-माल की हानि नहीं हुई।

### रणथंभौर में तैनात हुई पहली स्निफर डॉग स्क्वायड

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान वन विभाग को पहली स्निफर डॉग स्क्वायड मिल गई है। बेल्जियन मेलिनॉयस नस्ल की डॉग 'लूसी' को रणथंभौर टाइगर रिजर्व में तैनात किया गया है। डॉग हैंडलर मुकुट मीणा और असिस्टेंट रोहित मीणा ने 'लूसी' के साथ आईटीबीपी पंचकूला में 7 महीने की विशेष ट्रेनिंग ली है। 'लूसी' अपराध स्थल की गंध से सबूतों की पहचान कर सकती है और अपराधियों तक पहुंचने में मदद करेगी। यह स्क्वायड शिकार, अवैध तस्करी और वन्यजीव अपराधों की जांच में अहम भूमिका निभाएगी। इस मिशन को डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया ने प्रायोजित किया है। हैंडलर टीम ने एफडी अनूप केआर और डीसीएफ रामानंद भाकर से मुलाकात कर तैनाती की जानकारी दी।

### भूमाफियाओं को संरक्षण दे रही सरकार: जूली



**बेधड़क. जयपुर।** अमेरिका दौरे से लौटने के बाद शनिवार को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का अलवर के मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने स्वागत किया। इस दौरान जूली ने प्रेस वार्ता कर राज्य और जिले के कई मुद्दों को लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। जूली ने कहा कि भू-माफियाओं को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। जूली ने आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में भू-माफियाओं को संरक्षण मिल रहा है और बड़े भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए सीटीएच में छेड़छाड़ की जा रही है, जो जनहित के खिलाफ है। खैरथल-तिजारा का नाम बदलकर भर्तृहरि नगर करने के मुद्दे को जूली ने राजनीतिक स्टंट करार देते हुए कहा कि भाजपा जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे कदम उठा रही है।

**शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का पलटवार... डोटासरा मेरे अच्छे मित्र हैं, लेकिन बेईमान**

# पैसों के खेल व पेपर लीक ने पूरे शिक्षा तंत्र को नुकसान पहुंचाया

- अब स्कूल बिल्डिंग्स पर लिखी जाएगी मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान की राजनीति में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा के बीच हाल के दिनों में जुबानी जंग छिड़ी हुई है। यह टकराव कई मुद्दों पर केंद्रित है। झालावाड़ के पीपलोद में स्कूल की इमारत गिरने के हादसे के बाद से लगातार पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से शिक्षा मंत्री पर जुबानी हमला बोला जा रहा था, जिसका दिलावर ने जवाब दिया है। दिलावर ने कहा कि भ्रष्टाचार की बात कांग्रेस सरकार के समय भी साबित हुई थी, जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिक्षकों से पूछा था कि क्या ट्रांसफर में पैसा चलता है तो कई लोगों ने हाथ उठाकर इसकी पुष्टि की थी। डोटासरा मेरे अच्छे मित्र हैं, लेकिन बेईमान हैं। ट्रांसफर में पैसों का खेल और पेपर लीक जैसे मामलों ने पूरे शिक्षा तंत्र को नुकसान पहुंचाया है।



*शिक्षा मंत्री मदन दिलावर।*



*कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा।*

### झालावाड़ हादसे के बाद सरकार एक्शन मोड में

पीपलोद में हुए स्कूल भवन हादसे के बाद राज्य सरकार अब सख्त कदम उठा रही है। दिलावर ने कहा कि अब किसी भी नए स्कूल भवन पर उसकी निर्माण तिथि और अधिकतम सेवा अवधि (एक्सपायरी डेट) लिखना अनिवार्य होगा। दिलावर ने कहा कि जैसे ही किसी भवन की तय अवधि पूरी हो जाएगी, उसे गिरा दिया जाएगा ताकि जर्जर अवस्था में पहुंचने से पहले ही उसे हटाया जा सके। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं और विशेषज्ञों की राय ली जा रही है। नई तकनीक से अब यह पता लगाया जा सकेगा कि किस भवन की कितनी उम्र बची है। भवन की स्थिति का आकलन कर समय रहते उचित कदम उठाए जा सकेंगे।

### इन मामलों पर भी दिलावर-डोटासरा हुए आमने-सामने

**स्कूटी योजना पर विवाद**

डोटासरा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने मेधावी छात्राओं के लिए शुरू की गई इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी पुरस्कार योजना (स्कूटी योजना) को बंद कर दिया और इसे नए नाम पद्माक्षी योजना के साथ नकद राशि तक सीमित कर दिया, जो बालिका शिक्षा पर हमला है। जवाब में दिलावर ने दावा किया कि योजना बंद नहीं हुई, बल्कि हमारी सरकार ने 86,000 टैबलेट और 10.5 लाख साइकिलें बांटीं। उन्होंने डोटासरा को आचरण से बेईमान करार देते हुए पूछा कि कांग्रेस सरकार ने 2021 से कितनी स्कूटियां दी थीं।

**स्कूल हादसा और बच्चों की मौत**

पीपलोद में स्कूल भवन गिरने से 7 बच्चों की मौत के बाद डोटासरा ने दिलावर पर शिक्षा में सुधार की प्राथमिकता न होने का आरोप लगाया, जबकि दिलावर ने इसके लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

**नए जिलों का मुद्दा**

नए जिलों को रद्द करने के फैसले पर दिलावर ने डोटासरा को बिन पानी की मछली की तरह तड़पने वाला बताया, यह कहते हुए कि कांग्रेस भ्रष्टाचार और लूट के मौके न मिलने से परेशान है।

**पेपर लीक मामला**

दिलावर ने डोटासरा पर पेपर लीक मामले में जेल जाने की बात कही, जबकि डोटासरा ने जांच की मांग करते हुए कहा कि चाहे कोई भी हो, जांच होनी चाहिए।

**चार नाबालिग बच्चियों के लापता होने पर हाई कोर्ट सख्त**

# दो DCP व दो जिलों के SP को रोज 1 घंटे थाने में बैठने के निर्देश

बेधड़क | जयपुर

हाई कोर्ट ने नाबालिगों की गुमशुदगी के मामलों में पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। राजस्थान हाई कोर्ट ने लापता 4 नाबालिग बच्चियों के मामलों में पुलिस की निष्क्रियता पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रदेश के चार पुलिस अधिकारियों को संबंधित थानों में प्रतिदिन एक घंटे बैठकर मामलों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने यह आदेश चार अलग-अलग बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने कहा कि पुलिस की ओर से अब तक किए गए प्रयास नाकाफी और असंतोषजनक हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बच्चियों की बरामदगी न होने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों को खुद कोर्ट में पेश होकर जवाब देना होगा।



### डीजीपी तक मामले में दे चुके आश्वासन

कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि डीजीपी तक मामले में पेश होकर गंभीर प्रयासों का आश्वासन दे चुके हैं, लेकिन धरातल पर कोई ठोस नतीजा नहीं दिख रहा। ऐसे में अब पुलिस के आला अधिकारियों को सीधे मॉनिटरिंग करनी होगी ताकि थाना स्तर पर जिम्मेदारी तय हो सके और लापता बच्चियों को जल्द खोजा जा सके। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर अगली सुनवाई तक बच्ची को बरामद नहीं किया गया तो अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होना होगा और स्पष्टीकरण देना होगा।

### ये अधिकारी करेंगे मामलों की मॉनिटरिंग

**जयपुर कमिश्नरेट डीसीपी नॉर्थ करण शर्मा-** रामगंज थाना, 6 फरवरी 2024 से लापता 16 वर्षीय नाबालिग के गुमशुदगी के मामले में मॉनिटरिंग करेंगे।

**जयपुर कमिश्नरेट डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा-** मुरलीपुरा थाना, नामजद आरोपी के बावजूद लापता 14 वर्षीय बच्ची का अब तक सुराग नहीं लगा।

**कोटपूतली-बहरोड़ एसपी देवेंद्र विश्नोई-** हरसोरा थाना, 29 मार्च 2022 से गायब 15 वर्षीय नाबालिग की तलाश में अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिली।

**डीग एसपी ओमप्रकाश-** डीग थाना, सवा साल से लापता बच्ची की बरामदगी न होने पर संज्ञान लिया। ये अधिकारी इन थानों में बैठकर मामलों की मॉनिटरिंग करेंगे।

### हर साल गायब हो रहे 7 से 8 हजार नाबालिग

प्रदेश में हर साल 7 से 8 हजार नाबालिगों की गुमशुदगी दर्ज हो रही है। राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में जहां सियासी घमासान मचा रहा, वहीं एक ऐसा सवाल भी उठा, जो सुर्खियों में नहीं आ सका, लेकिन गंभीर चिंता का विषय है। प्रदेश में बीते एक साल में 7,339 बच्चे लापता हुए, जिनमें से 84 फीसदी यानी 6,196 लड़कियां हैं। इन बच्चों में से 6,838 को खोज लिया गया, लेकिन 501 बच्चे अब भी लापता हैं, जिनमें 451 लड़कियां हैं। गृह विभाग ने यह खुलासा बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा के एक सवाल के जवाब में किया। उन्होंने प्रदेश में बच्चों के लापता होने से जुड़े आंकड़े और जिलेवार विवरण मांगा था, जिसके जवाब में यह चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। सीमावर्ती जिलों भीलवाड़ा, उदयपुर, श्रीगंगानगर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और झालावाड़ में लापता बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा पाई गई। वहीं, हाईवे से जुड़े जिले जैसे अलवर-भिवाड़ी, अजमेर, ब्यावर और जयपुर-कोटपूतली भी इससे अछूते नहीं हैं। इसके अलावा, पिछले एक साल में बाल तस्करी के 17 मामले भी दर्ज किए गए हैं। खासकर आदिवासी क्षेत्रों में ऐसे मामले थानों में दर्ज हुए हैं।

**IRCTC का थाईलैंड टूर 12 सितंबर से**

# नीले समंदर और सुनहरी रेत पर होगा रोमांच भरा सफर

बेधड़क | जयपुर

विदेश की रंगीन संस्कृति, चमचमाते शहर और नीले समुद्र की ठंडी हवा का अनुभव अब इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के नए थाईलैंड टूर पैकेज के साथ मिलेगा। जयपुर से 12 सितंबर को यह हवाई टूर शुरू होगा, जिसमें 5 रात, 6 दिन के सफर में बैंकॉक और पटाया के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सैर कराई जाएगी।

पर्यटकों की यह विदेश यात्रा यादगार बनेगी और वे आरामदायक होटल, स्वादिष्ट भोजन, यात्रा बीमा और गाइड जैसी सभी सुविधाओं का लाभ लेंगे। थाईलैंड टूर में बैंकॉक के प्रसिद्ध सफारी वर्ल्ड में डॉल्फिन शो जैसे कई शो तथा वन्य जीवों को करीब से देखने का मौका भी मिलेगा। साथ ही मरीन पार्क और चाओ-फ्राया नदी पर क्रूज के साथ डिनर करते हुए शहर की सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत को महसूस किया जाएगा। पटाया में पर्यटक कोरल आइलैंड की प्राकृतिक खूबसूरती का आनंद लेंगे। यहां का साफ नीला पानी और सुनहरी रेत मन मोह लेते हैं। यात्रा का रोमांच अल्काजार या टिफनी शो जैसे प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा होगा।



### टूर पैकेज प्रति व्यक्ति 58,335 रुपए

टूर पैकेज प्रति व्यक्ति 58,335 रुपए है, जिसमें जयपुर से हवाई यात्रा, तीन सितारा होटलों में ठहरने, रोजाना भोजन, एसी बसों से दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, प्रवेश शुल्क, यात्रा बीमा और गाइड की सुविधा शामिल है। 5% टीसीएस टैक्स का भुगतान करना होगा, जो बाद में आयकर रिटर्न के दौरान रिफंडेबल है। इससे टूर का वास्तविक खर्च लगभग 55,557 रुपए आएगा।

> इस अवसर का लाभ 35 यात्री उठा सकेंगे, जिन्हें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर सीटें अलॉट की जाएंगी। इच्छुक यात्री टूर की बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट से या क्रिस्टल मॉल बनीपार्क स्थित क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर में करा सकेंगे। इस टूर में थाईलैंड की प्राकृतिक सुंदरता और जीवंत संस्कृति को देखने का आनंद आएगा।
>
> **योगेंद्र सिंह गुर्जर,** संयुक्त महाप्रबंधक, आईआरसीटीसी, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर

**खरीफ सीजन के लिए यूरिया की मांग बढ़ी**

# यूरिया का पारदर्शी वितरण, प्रदेश में 1.70 लाख टन यूरिया उपलब्ध: राजन विशाल

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में खरीफ सीजन के लिए यूरिया की मांग बढ़ गई है। बढ़ती हुई मांग को देखते हुए बाजार में कालाबाजारी की संभावना है। इसको लेकर शासन सचिव (कृषि) राजन विशाल ने कहा कि मांग को पूरा करने के लिए कृषि विभाग की ओर से पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में 1.70 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है, जिसमें श्रीगंगानगर में 18,777 एम.टी., जोधपुर में 12,971 एम.टी., टोंक में 11,900 एम.टी., नागौर में 8,851 एम.टी. और बारां में 8,583 एम.टी. स्टॉक मौजूद है। कम उपलब्धता वाले जिलों में अगले 3-4 दिनों में आपूर्ति की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से समन्वय कर उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है। अप्रैल से अगस्त तक केंद्र की ओर से स्वीकृत 8.82 लाख एम.टी. यूरिया के मुकाबले 6.97 लाख एम.टी. की आपूर्ति हो चुकी है और अगस्त में 1.85 लाख एम.टी. की आपूर्ति के लिए आपूर्तिकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं। डीएपी की 4.75 लाख एम.टी. स्वीकृति के खिलाफ 2.73 लाख एम.टी., एनपीके की 1.23 लाख एम.टी. और एसएसपी की 1.60 लाख एम.टी. की आपूर्ति हुई है।

**आरसीए में 200 करोड़ का घोटाला!**

# पूर्व सरकार में हुए भ्रष्टाचार से स्टेडियम निर्माण अधूरा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एडहॉक कमेटी के कन्वीनर दीनदयाल कुमावत ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आरसीए में भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि चौंप स्टेडियम के निर्माण में 200 करोड़ से ज्यादा खर्च किए गए, लेकिन धरातल पर निर्माण कार्य संतोषजनक नहीं हुआ। कुमावत ने बताया कि आरसीए ने स्टेडियम निर्माण के लिए लोन लिया था, जिसका ब्याज ही तीन लाख रुपए प्रति माह चुकाया जा रहा है। निर्माण की गुणवत्ता भी बेहद खराब है और पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा स्टेडियम अब जर्जर होने लगा है।



*दीनदयाल कुमावत।*

## बेधड़क TOON




-शेखर

**कांग्रेस का ओबीसी वोटरों पर विशेष फोकस**

# सभी राज्यों में करेगी स्टेट ओबीसी काउंसिल का गठन

- 15 अगस्त के बाद शुरू होगा काम, काउंसिल में होंगे 21 सदस्य

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को साधने के लिए रणनीतिक स्तर पर सक्रिय हो गई है। राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी काउंसिल के गठन के बाद अब राज्यों में स्टेट ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल बनाने की तैयारी है। राजस्थान में 15 अगस्त के बाद इस काउंसिल का गठन शुरू होगा, जिसमें 21 सदस्य शामिल होंगे। खासतौर पर राजस्थान में जहां 60 फीसदी से अधिक मतदाता ओबीसी हैं, ऐसे में पार्टी का पंचायती राज और निकाय चुनावों को देखते हुए विशेष फोकस है।

कांग्रेस ने यह निर्णय 25 जुलाई को दिल्ली में आयोजित कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अधिवेशन में लिया। इस अधिवेशन में राष्ट्रीय ओबीसी काउंसिल का गठन किया गया, जिसमें ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद, अशोक गहलोत, सचिन पायलट और सिद्धारमैया समेत 21 नेताओं को शामिल किया गया है।

### काउंसिल में पूर्व मंत्रियों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों को मिलेगी जगह

स्टेट ओबीसी काउंसिल के गठन को लेकर ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव ने बताया कि स्टेट ओबीसी काउंसिल में अशोक गहलोत, सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से चर्चा करने के बाद ओबीसी वर्ग से आने वाले पूर्व मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। नेशनल कोऑर्डिनेटर राजेंद्र सेन ने बताया कि यदि किसी ओबीसी जाति से विधायक या सांसद नहीं है तो उस जाति के सामाजिक कार्यकर्ता को शामिल किया जाएगा। काउंसिल का उद्देश्य ओबीसी वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर सुझाव देना तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाना है।



### चुनावी सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी

राजस्थान में आगामी पंचायती राज और निकाय चुनावों को देखते हुए कांग्रेस का ओबीसी वोटरों पर विशेष फोकस है। पार्टी का मानना है कि ओबीसी मतदाताओं का समर्थन मिलने से चुनावी सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। राजेंद्र सेन ने कहा कि राहुल गांधी जिसकी जितनी संख्या, उतनी हिस्सेदारी की बात करते हैं। ओबीसी मतदाता देश में सबसे बड़ी ताकत हैं, इसलिए पार्टी उनकी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। कांग्रेस की रणनीति में ओबीसी नेताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देना और आगामी निकाय, पंचायत, विधानसभा व लोकसभा चुनावों में ओबीसी आबादी के अनुपात में टिकट वितरण करना शामिल है। इस रणनीति से कांग्रेस न केवल राजस्थान, बल्कि देशभर में ओबीसी वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश में जुटी है।

**सब इंस्पेक्टर भर्ती पेपर लीक प्रकरण**

# सुरक्षाकर्मी की गिरफ्तारी पर राठौड़ का गहलोत पर निशाना

बेधड़क | जयपुर

सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक प्रकरण को लेकर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने राज्य की पूर्व कांग्रेस सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। राठौड़ ने कहा कि यह मामला सिर्फ कानून का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह लाखों मेहनती युवाओं के भविष्य और सपनों पर गहरी चोट है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सुरक्षा में तैनात रहे हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव और उसके बेटे भरत यादव की गिरफ्तारी से यह स्पष्ट होता है कि सत्ता के बेहद करीबी लोग इस षड्यंत्र में शामिल थे।



राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर अशोक गहलोत की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती थी कि वे अपने नजदीकी और संवेदनशील पदों पर तैनात लोगों की निष्ठा और आचरण की पूरी जांच करें।


फोटो: पंकज शर्मा

# प्रेम और विश्वास की बांधी डोर

## धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन का पर्व... बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर की लंबी उम्र और बेहतर स्वास्थ्य की कामना

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में शनिवार को दिनभर राखी बांधने का दौर चला। इस बार भद्राकाल रक्षाबंधन को स्पर्श भी नहीं कर पाया, जिससे कई साल बाद पूरा दिन इस पर्व को समर्पित रहा। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। रक्षाबंधन ने एक बार फिर सिद्ध किया कि यह पर्व केवल रक्षासूत्र का नहीं, बल्कि रिश्तों की भावनात्मक मजबूती, जनसेवा और सामाजिक समर्पण का प्रतीक है। जहां बहनों ने भाइयों की कलाई पर प्यार बांधा, वहीं भगवान को भी राखी बांधकर सुख समृद्धि की कामना की। मोती डूंगरी गणेश मंदिर में महंत कैलाश शर्मा ने भगवान गणेश को चांदी की राखी धारण कराई। रिद्धि-सिद्धि को भी राखी धारण कराई गई। विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान को नई पोशाक धारण कराई गई। उधर, रक्षाबंधन पर जेलों के बाहर भावुक दृश्य देखने को मिला। शनिवार सुबह होते ही जेलों के बाहर बहनों की भीड़ उमड़ पड़ी, जो अपने भाइयों को राखी बांधने और उनसे मिलने के लिए बेताब नजर आईं। लंबे समय बाद भाइयों से मिलने की खुशी बहनों के चेहरों पर साफ दिखाई दी।



### राखियों की ड्रेस से शृंगार

रक्षाबंधन के अवसर पर चित्रकूट स्थित श्री स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में ठाकुर जी को राखियों की ड्रेस से शृंगार किया गया और राखियों से बने हिंडोले में ठाकुर जी को बिठाया गया। दर्शनार्थियों ने उन्हें झूला झुलाया। इस अवसर पर आए हजारों भक्तों ने ठाकुर जी को राखी अर्पित की और अपने सुखी जीवन की कामना की।

### गोविंददेवजी मंदिर में भक्ति का उत्सव

सावनी पूर्णिमा और रक्षाबंधन के अवसर पर गोविंददेवजी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का महासंगम देखने को मिला। ठाकुरजी और राधारानी को सुनहरी कलाबूत से बनी विशेष राखी बांधी गई। पंचामृत से अभिषेक, विशेष शृंगार और पारंपरिक भोग के साथ मंदिर परिसर राधे-राधे के जयघोष से गूंज उठा। परंपरा अनुसार पूर्व राजपरिवार को राखियां और प्रसाद भेजा गया।





### सांसद मंजू शर्मा ने पुलिस अधिकारियों को बांधी राखी

जयपुर की लोकसभा सांसद मंजू शर्मा ने चांदपोल स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ और अन्य अधिकारियों को राखी बांधीं। उन्होंने कहा कि यह राखी सभी जयपुर की बहनों की ओर से सुरक्षा कर्मियों को समर्पित है।



सतीश पूनियां को राखी बांधतीं दीया कुमारी।



लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह को राखी बांधती दीया कुमारी।

### दीया कुमारी ने जवानों और राजनेताओं को बांधीं राखी

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने दक्षिण-पश्चिमी कमांड मुख्यालय में सेना के जवानों के साथ यह पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम सहित अधिकारियों व जवानों को राखी बांधकर सुरक्षा और स्नेह का संदेश दिया। इस दौरान दीया ने ऑपरेशन 'सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि इस मिशन में सेना ने जो साहस दिखाया, वह देश के लिए गर्व की बात है। इसके अलावा डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व हरियाणा प्रभारी सतीश पूनियां को भी राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को रक्षासूत्र बांधतीं ब्रह्माकुमारी बहनें।

### राज्यपाल को ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को राजभवन में एसओएस बालग्राम की बालिकाओं और ब्रह्माकुमारी बहनों ने राखी बांधी। राज्यपाल ने कहा कि रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का पावन पर्व है, जो भाई-बहन के स्नेह और सुरक्षा के भाव को दर्शाता है।

### दिलावर को राखी बांधने पहुंचीं बहनें



शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के जनसंपर्क कार्यालय पर रक्षाबंधन के मौके पर बहनों का तांता लगा रहा। मंत्री को पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं, आम नागरिकों और ब्रह्माकुमारी बहनों ने राखी बांधी।

### सुरक्षा बलों ने निभाई 'रक्षा' की जिम्मेदारी

जयपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने यात्रियों को राखी बांधकर सुरक्षा का वचन दिया। आरपीएफ और जीआरपी ने बिना टिकट यात्रियों पर कार्रवाई कर जुर्माना वसूला। भीड़ का फायदा उठाकर जेबकतरों और चेन स्नैचरों ने भी सक्रियता दिखाई, हालांकि सतर्क यात्रियों ने एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया।



जेल में भाइयों को राखी बांधने का इंतजार करती बहिनें। फोटो: राजेश कुमावत

### सरकार की फ्री यात्रा योजना बनी सहारा

राज्य सरकार द्वारा रक्षाबंधन पर दी गई मुफ्त बस यात्रा योजना का बड़ी संख्या में महिलाओं ने लाभ उठाया, लेकिन मांग के मुकाबले बसें कम पड़ गईं, जिससे कई महिलाएं बस स्टैंड पर घंटों इंतजार करती रहीं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए रोडवेज ने आगरा, अजमेर और भरतपुर मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलाईं। फ्री यात्रा महिलाओं के लिए रविवार को भी जारी रहेगी।




**त्योहार पर बढ़ा हवाई किराया**

# त्योहारों के मेगा वीकेंड में फ्लाइट की टिकट तीन गुना तक हुई महंगी

- मुंबई–बेंगलुरु की उड़ानों ने तोड़े सारे रिकॉर्ड
- विदेश जाने से भी महंगा भारत भ्रमण
- रिटर्न टिकट भी महंगे, जन्माष्टमी तक राहत नहीं

**बेधड़क | जयपुर**

त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है, ऐसे में हर कोई अपनों के बीच रहकर त्योहार मनाना चाहता है। जयपुर से मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु जैसे महानगरों में जाने की योजना बना रहे यात्रियों को जेब पर भारी मार झेलनी पड़ रही है। यात्रा की मांग में भारी उछाल और ट्रेनों में सीटों की कमी का फायदा उठाते हुए एयरलाइंस कंपनियों ने किराया दोगुना-तिगुना तक बढ़ा दिया है। यात्रियों के मुताबिक, सामान्य दिनों में मिलने वाला 3 हजार से पांच हजार रुपए का हवाई टिकट अब 10 हजार रुपए से ऊपर जा पहुंचा है। जयपुर से मुंबई का किराया जहां पांच हजार से बढ़कर 13 हजार रुपए के करीब पहुंच गया है, वहीं कोलकाता और बेंगलुरु की उड़ानों के टिकट भी 10 से 15 हजार रुपए तक बिक रहे हैं। रक्षाबंधन पर घर गए काफी लोग अब जन्माष्टमी मनाकर ही वापस लौटेंगे, तो कई रविवार को लौटकर अपनी ड्यूटी ज्वॉइन करेंगे। मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, सूरत और



पुणे रहने वाले राजस्थानियों से बात करने पर पता चला कि टिकट बुक करने वाले एजेंट ने जो किराया बताया है, वह सामान्य दिनों की तुलना में तीन गुना ज्यादा है। इसके लिए भी काफी माथापच्ची करनी पड़ रही है। रक्षाबंधन से पहले के सप्ताह में अधिकांश ट्रेनों की सीटें पहले ही फुल हो चुकी थी। खासतौर पर स्वतंत्रता दिवस के लंबे वीकेंड को देखते हुए यात्रियों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। कई लोग मजबूरी में महंगे हवाई टिकट लेने को मजबूर हैं।

### एक नजर में हवाई किराया

| शहर | न्यूनतम किराया | अधिकतम किराया |
|---|---|---|
| मुंबई | ₹5,347 | ₹21,308 |
| बेंगलुरु | ₹6,894 | ₹17,895 |
| हैदराबाद | ₹6,395 | ₹13,276 |
| कोलकाता | ₹6,231 | ₹20,694 |
| सूरत | ₹5,024 | ₹10,240 |
| पुणे | ₹6,809 | ₹14,295 |

### मनमाना किराया वसूल रही एयरलाइंस

प्रवासी राजस्थानियों का कहना है कि जिन रूट्स पर यात्रियों की भीड़ ज्यादा है, वहां मनमाना किराया वसूला जा रहा है। जोधपुर के हजारों लोग व्यापार के सिलसिले में मुंबई और सूरत में रहते हैं। त्योहार के सीजन में एयरलाइंस की ओर से मनमाना किराया वसूला जा रहा है। मुंबई और सूरत में रहने वाले राजस्थानियों के मुताबिक, मुंबई से जोधपुर का किराया 21 हजार रुपए कर दिया गया है, जबकि सूरत से जोधपुर आने का किराया 26 से 31 हजार रुपए वसूला जा रहा है। सामान्य दिनों में जो सफर 5 से 8 हजार रुपए में किया जा सकता है।

### दुबई जाने से महंगा है जयपुर से अन्य राज्यों में जाना

देश अन्य राज्यों के विभिन्न शहरों से जयपुर और जोधपुर लौटने का जितना किराया वसूला जा रहा है, उतने किराये में दुबई जा सकते हैं। यात्रियों का कहना है कि सामान्य दिनों में जयपुर से दुबई जाने के लिए फ्लाइट का किराया 19 हजार रुपए है। इसी तरह जयपुर से मुंबई का किराया 21 हजार रुपए से ज्यादा वसूला जा रहा है। सामान्य दिनों में 15 हजार रुपए में जयपुर से दुबई जा सकते हैं। इसी तरह जयपुर से हैदराबाद, कोलकाता, सूरत और पुणे जैसे शहरों का जो किराया लिया जा रहा है, उतने किराये में सामान्य दिनों में दुबई या अन्य देशों में पहुंच सकते हैं। एयरलाइंस की मनमानी से प्रदेश के हजारों लोग परेशान हैं।

### फ्लाइट्स के किराए में बेतहाशा बढ़ोतरी क्यों?

रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी-इन तीन त्योहारों का मेल इस बार एक ऐसा लंबा वीकेंड लेकर आया है, जिसने जयपुर से हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की जेब पर जोरदार असर डाला है। फ्लाइट टिकट्स की कीमतें आसमान छू रही हैं और कई रूट्स पर किराया सामान्य से दो से तीन गुना ज्यादा वसूला जा रहा है।

## जरूरी खबर

### 1.76 क्विंटल डोडा पोस्त जब्त, दो आरोपी अरेस्ट



**बाड़मेर।** नागाणा थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त ऑपरेशन में 1.76 क्विंटल डोडा पोस्त जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में 10,000 रुपए का इनामी मुन्ना उर्फ कुंभाराम जाट निवासी भाड़खा (हाल रामनगर) और उसका साथी देवाराम जाट निवासी चौखला शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि मुन्ना पिछले 30 महीनों से एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार था। तस्करी के लिए उसने अपनी अर्टिगा कार को एम्बुलेंस का रूप दे रखा था, जिससे पुलिस की नजर से बचा जा सके। आरोपियों से पूछताछ में चित्तौड़गढ़ निवासी बबलू उर्फ रतन से माल मंगवाने की जानकारी मिली है।

### टोल मांगने पर तलवार से हमला, बूथों पर तोड़फोड़

**जैसलमेर।** रामगढ़ थाना इलाके में भारतमाला हाईवे के 2 टोल नाकों पर शुक्रवार रात बदमाशों ने तलवारों से हमला कर दिया। आरोपियों ने टोल कर्मचारियों को भी जान से मारने की कोशिश की। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि हाईवे पर 7 दिन पहले ही जैसलमेर से तनोट के बीच शुरु हुए लाणेला और पारेवर गांव के टोल पर हमला किया गया। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। शुक्रवार रात बोलेरो कैंपर आई थी। इसमें बैठे लोगों से टोल मांगा तो वे गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद हमला कर दिया।

### कुत्ते ने काटा तो मालिक ने पीट-पीटकर मार डाला



**अलवर।** मेलखड़ी गांव में शनिवार सुबह पालतू कुत्ते ने अपने मालिक पर हमला कर दिया। इससे गुस्साए मालिक ने पीट-पीटकर कुत्ते को मार दिया। घायल मालिक अभी जिला हॉस्पिटल में भर्ती है। जानकारी के अनुसार, मेलखड़ी निवासी ट्रैक्टर ड्राइवर भजनलाल सुबह कुत्ते को पानी पिला रहा था। इस दौरान कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उसकी आंख के पास काट लिया, जिससे उसके 10 टांके आए हैं। इस कुत्ते ने शुक्रवार को भजनलाल के बेटे लव (8) को भी काट लिया था। उसके मामूली घाव हुआ था। भजनलाल ने बताया कि यह कुत्ता देसी नस्ल का था, जो 20 दिन पहले ही उसका दोस्त उसे देकर गया था।

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दी शहर को एक और सौगात

# अजमेर में लोहागल से जनाना अस्पताल तक बनेगी 6 लेन सड़क

**बेधड़क | अजमेर**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर को एक बड़ी सौगात दी है। लोहागल से जनाना अस्पताल तक 4 किलोमीटर लंबी और 100 फीट चौड़ी 6 लेन की सड़क का निर्माण किया जाएगा।

इस परियोजना के लिए 20 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई है। अजमेर विकास प्राधिकरण ने विधानसभा अध्यक्ष की अनुशंसा पर इस सड़क निर्माण के लिए कार्यादेश जारी कर दिया है। इस परियोजना में कुल 700 मीटर सीसी रोड और 2.4 किलोमीटर पावर ब्लॉक की सड़क का निर्माण किया जाएगा। साथ ही दोनों तरफ ड्रेनेज सिस्टम, नाले और डिवाइडर भी बनाए जाएंगे। इस नई सड़क के बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि शहर की सुंदरता और बुनियादी ढांचा भी सुदृढ़ होगा। यह सड़क मास्टर प्लान और सेक्टर प्लान की मुख्य सड़कों में शामिल है, जो क्षेत्र की कई कॉलोनियों के निवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।



फाइल फोटो



स्पीकर वासुदेव देवनानी।

### पांच प्रमुख सड़क बनेंगी आदर्श सड़क

अजमेर विकास प्राधिकरण ने शहर की पांच प्रमुख सड़कों को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर आदर्श सड़क बनाने के निर्देश भी जारी किए हैं। इन सड़कों पर उच्च गुणवत्ता की पक्की लाइनिंग, गड्ढा मुक्त सतह, बेहतर जल निकासी और आधुनिक रोड़ लाइट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे यातायात अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो सकेगा।

### वाहन चालकों को मिलेगी सुविधा

लोहागल से जनाना अस्पताल तक बनने वाली यह सड़क शहर में एक नया और चौड़ा प्रवेश मार्ग प्रदान करेगी। जयपुर से आने वाले वाहन अब कायड़ विश्राम स्थली बायपास के माध्यम से सीधे जनाना अस्पताल, लोहागल, पंचशील और शास्त्री नगर क्षेत्रों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। इससे समय और ईंधन की बचत होगी तथा शहर के भीतर यातायात दबाव भी कम होगा।

### सड़क का काम 15 माह में होगा पूरा

इस सड़क निर्माण कार्य को 15 माह के भीतर पूरा किया जाएगा और इसमें गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह सड़क क्षेत्रवासियों और यात्रियों के लिए आधुनिक और आदर्श मार्ग के रूप में उभरेगी, जो आने वाले वर्षों तक अजमेर के विकास की पहचान बनेगी।

## डूंगरपुर में विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित

# आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ रही हैं सरकारी योजनाएं

**बेधड़क | डूंगरपुर**

जिले के सागवाड़ा स्थित महिपाल खेल मैदान में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की ओर से विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। समारोह में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजीलाल मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में एसीएस मीणा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के आयुक्त कन्हैयालाल स्वामी और जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह भी मौजूद थे। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और महिला संगठनों द्वारा निर्मित उत्पादों की जानकारी ली। इसके बाद अतिथियों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर एसीएस मीणा ने कहा कि सरकार द्वारा आदिवासियों के लिए कई योजनाएं और अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि आदिवासी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके। मीणा ने उपस्थित लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान भी किया।



सागवाड़ा में विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में स्टॉल का जायजा लेते एसीएस कुंजीलाल मीणा व अन्य अधिकारी।

### सरकारें आदिवासियों को समझती हैं वोट बैंक: सांसद राजकुमार रोत

आदिवासी परिवार और भारत आदिवासी पार्टी की ओर से डूंगरपुर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर डूंगरपुर-बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत ने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज तक किसी भी सरकार ने आदिवासियों की परंपरा, रीति रिवाज के साथ जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए प्रयास नहीं किए। इस वजह से आदिवासी हमेशा से पिछड़े रहे हैं। सरकारें आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझती है।

### आदिवासी देते हैं बंधुत्व का संदेश

**बीकानेर।** मीणा समाज अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से विश्व आदिवासी दिवस पर संगोष्ठी, पौधरोपण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर के सहायक आयुक्त धर्मेंद्र उपाध्याय, सहायक महाप्रबंधक नाल एयरपोर्ट प्रेम राज मीणा, पूर्व तहसीलदार मदन लाल मीणा, पूर्व कार्यालय अधीक्षक बीएसएनएल शिव दयाल मीणा, श्याम सुंदर विश्नोई व जयपाल मीणा बतौर अतिथि थे। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि आदिवासी पर्यावरण संरक्षण, ईमानदारी के गुण, समाज में सद्भाव और बंधुत्व का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया।

## कुचामनसिटी व बहरोड़ में सड़क हादसे

# ट्रेलर की टक्कर से दो युवकों की दर्दनाक मौत



परबतसर में सड़क हादसे के बाद मौके पर पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक।

**बेधड़क | कुचामनसिटी**

परबतसर के औद्योगिक क्षेत्र में ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से उपजिला अस्पताल परबतसर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया।

परबतसर थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि दोनों युवकों का नाम मुकेश मीणा है और दोनों पातलिया थाना दनौट जिला प्रतापगढ़ के निवासी है। पुलिस के अनुसार दोनों युवक पिछले 12 साल से परबतसर के औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में काम कर रहे थे। थाना अधिकारी ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### पिकअप ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत

**बहरोड़।** बानसूर क्षेत्र में शनिवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा आलमपुरा तिराहे से हरसौरा की तरफ जाते हुए हुआ। दरअसल, यहां एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक उछलकर सड़क पर गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान आलनपुर की बिस्वा की ढाणी निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है। इसके बाद पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को दी। रक्षा बंधन के दिन हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पिकअप गाड़ी को जब्त कर लिया है।

## करौली में पतंगबाजी का उत्साह

# 'ये काटा-वो मारा' से गूंजा आसमान

**बेधड़क | करौली**

रक्षाबंधन के मौके पर शनिवार को करौली में पतंगबाजी का उत्साह चरम पर रहा। सुबह से ही छतों पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग 'ये काटा-वो मारा' के शोर के बीच रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाते नजर आए। दरअसल, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर पतंग उड़ाने की यहां वर्षों पुरानी परंपरा है। इस बार भी त्योहार पर पतंगबाजों का उत्साह चरम पर रहा। शहर के बाजारों में पतंग विक्रेताओं की दुकानों पर सुबह से भीड़ लगी रही। पतंगों में नेताओं, फिल्मी कलाकारों और कार्टून पात्रों वाली डिजाइन खूब बिकीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाली पतंग की मांग सबसे ज्यादा रही। त्योहार पर कई घरों की छतों को पतंगबाजी के लिए सजाया गया। कई जगह लाउडस्पीकर पर गानों की धुन में पतंगबाजी का आनंद लिया गया। कई जगह दोस्तों और परिवारों के बीच पतंग काटने की प्रतियोगिताएं भी हुईं। पतंग उड़ाने के साथ-साथ पतंग लूटने का रोमांच भी देखने को मिला। महिलाओं ने भी पतंगबाजी का लुत्फ उठाया।



रक्षाबंधन के मौके पर छत से पतंगबाजी करते युवा व महिलाएं।

## रक्षाबंधन पर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

# MLA भाटी ने बहनों संग खेजड़ी को बांधी राखी

**बेधड़क | बाड़मेर**

रक्षाबंधन पर्व पर शिव विधानसभा से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में बहनों ने राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी को रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अनूठी पहल ने न केवल रक्षाबंधन के पर्व को एक नया आयाम दिया, बल्कि खेजड़ी के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता भी पैदा की। विधायक भाटी ने स्थानीय बहनों के साथ मिलकर बाड़मेर के देवका गांव के सूर्य मंदिर में खेजड़ी के पेड़ों को राखी बांधी। इस दौरान विधायक भाटी और बहनों ने खेजड़ी वृक्षों की टहनियों पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र और संरक्षण की कामना की। यह पहल इसलिए भी खास है, क्योंकि एक सप्ताह पहले बाड़मेर के शिव उपखंड के बरियाड़ा और खोड़ाल गांवों में खेजड़ी वृक्षों की अवैध कटाई के खिलाफ विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर जोरदार आंदोलन किया था। सोलर कंपनियों द्वारा खेजड़ी सहित अन्य पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और जलाए जाने की घटनाओं के विरोध में भाटी ने धरना दिया था और रातभर काटे गए पेड़ों की राख के पास चारपाई पर समय बिताया था। इस आंदोलन ने पूरे क्षेत्र में खेजड़ी के महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में ला दिया था।



खेजड़ी के पेड़ को राखी बांधते विधायक रविंद्र सिंह भाटी।

## ज्ञात और अज्ञात पापों का किया प्रायश्चित

# पुष्कर के पवित्र सरोवर में विप्रजनों ने किया हेमाद्री स्नान

**बेधड़क | अजमेर**

सावन मास की पूर्णिमा पर तीर्थ नगरी पुष्कर में बड़ी संख्या में तीर्थ पुरोहित, वेद विद्यापीठ के विद्यार्थी और श्रद्धालुओं ने हेमाद्री स्नान किया। पवित्र सरोवर के घाटों पर बड़ी संख्या में विप्रजनों ने 108 स्नान कर प्रायश्चित किया। विप्र समाज के लोग ज्ञात और अज्ञात पापों से मुक्ति पाने के लिए पुष्कर में स्नान करते हैं। शास्त्रों के अनुसार, हेमाद्री स्नान को दसविध स्नान भी कहते हैं। तीर्थ पुरोहित पंडित पवन राजोरिया राजऋषि ने बताया कि इस स्नान में कई प्रकार के द्रव्यों और पदार्थ से स्नान किया जाता है। स्नान कर अज्ञात और ज्ञात रूप से किए गए पापों के लिए क्षमा प्रार्थना कर प्रायश्चित किया जाता है। कामना की जाती है कि पापों से मुक्त होकर सभी भागवत मार्ग पर प्रशस्त हों और शुभ कार्य परिपूर्ण हों।



हेमाद्री स्नान से पहले पूजा-अर्चना करते विप्रजन।

### 10 औषधियों से स्नान

पुष्कर में श्री ब्रह्म सावित्री वेदपीठ में आचार्य पंडित रामकरण शर्मा ने बताया कि वेदपीठ के विद्यार्थी और पूर्व विद्यार्थी हेमाद्री स्नान में शामिल हुए। स्नान से पूर्व आचमन कर पापों से मुक्ति पाने के लिए संकल्प लिया गया। संकल्प के उपरांत 10 प्रकार के दसविध स्नान किए। इसमें भस्म, मृतिका, हरिद्रा, हिरण्य, कुशा, फल आदि से स्नान किया गया। इसके बाद तीर्थ गुरु पुष्करराज का अभिमंत्रण किया गया।

### संकल्प का है बड़ा महत्व

पंडित रामकरण शर्मा ने बताया कि स्नान के बाद वेदपीठ के विद्यार्थी और पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय जाकर अरुंधति सहित सप्त ऋषियों का पूजन किया। इसके बाद यज्ञ का पूजन किया। इधर, कुचामन सिटी में सावन की पूर्णिमा पर ब्राह्मणों ने श्रावणी उपाकर्म किया। ब्रह्म मुहूर्त में पवित्र नदी, तालाब, तीर्थ और देवालय पहुंचकर हेमाद्रि संकल्प लिया। स्नान के बाद ऋषि पूजा, सूर्योपस्थान और यज्ञोपवीत किया।

## जोधपुर में होगा राज्य स्तरीय समारोह

# स्वतंत्रता दिवस समारोह 700 जवान रखेंगे नजर

■ अभय कमांड सेंटर से रखी जा रही है निगरानी

**बेधड़क | जोधपुर**

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए जिले की पुलिस अलर्ट मोड में है। डीसीपी वेस्ट विनीत कुमार बंसल ने बताया कि सुरक्षा के लिए करीब 700 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों के तहत 14 अगस्त को 'एट होम' कार्यक्रम मेहरानगढ़ में तथा सांस्कृतिक संध्या अशोक उद्यान, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड में आयोजित की जाएगी। पुलिस द्वारा सभी प्रवेश और निकास मार्गों पर सख्त जांच की जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही, अभय कमांड सेंटर के कैमरों के जरिए पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। कार्यक्रम के दिन VVIP और आमंत्रित अतिथियों के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। डीसीपी बंसल ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें।

### श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया, संत विष्णु कुमार की पूजा-अर्चना की

# रक्षा सूत्र बांधकर लिया संतों, जिनवाणी और जैन धर्म की रक्षा का संकल्प

**बेधड़क** | जयपुर

जैन धर्मावलंबियों ने रक्षाबंधन पर्व साधु-संतों की रक्षा के संकल्प दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर जैन धर्म के ग्यारहवें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। साथ ही हस्तिनापुर में 700 जैन मुनियों के उपसर्ग को दूर कर उनकी रक्षा करने वाले दिगंबर जैन धर्म के संत विष्णु कुमार की पूजा-अर्चना की गई।

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस मौके पर दिगंबर जैन संतों के चातुर्मास स्थलों पर एवं शहर के दिगंबर जैन मंदिरों में महामुनि विष्णु कुमार की अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना की गई। जैन श्रावकों ने आचार्यों, मुनिराजों, आर्यिका माताजी की पिच्छिका के रक्षा सूत्र बांधे तथा साधु-संतों व जिनवाणी तथा जैन धर्म की रक्षा का संकल्प लिया।

दिल्ली रोड पर जयसिंहपुरा खोर के दिगंबर जैन मंदिर में श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया। सांगानेर थाना सर्किल स्थित चित्रकूट कालोनी के श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य सुन्दर सागर, पदमपुरा के श्री साधु सेवा तीर्थ में शशांक सागर, दहमीकलां में आचार्य नवीन नन्दी महाराज, झोटवाड़ा में उपाध्याय वृषभानन्द, मानसरोवर के वरुण पथ पर उपाध्याय उर्जयन्त सागर, कीर्तिनगर में मुनि आदित्य सागर, गायत्री नगर में पावन सागर मुनिराज, प्रतापनगर सेक्टर 8 में मुनि अरह सागर, पारसनाथ भवन में मुनि अर्चित सागर, बीलवा के विमल परिसर में गणिनी आर्यिका नंगमति माताजी, चौमूं बाग में आर्यिका नन्दीश्वर मति, दुर्गापुरा में गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी, थड़ी मार्केट में आर्यिका प्रशांत नन्दिनी माताजी ससंघ के सान्निध्य में रक्षाबंधन पर्व पर विशेष आयोजन किए गए।



## City इवेंट्स

### चार पीढ़ियों ने एक साथ मनाया रक्षाबंधन



**बेधड़क. जयपुर।** टोंक रोड पर तारों की कूट स्थित सूर्य नगर के ऋषभ मार्ग पर मुन्ना देवी वैद के नेतृत्व में चार पीढ़ियों ने रक्षाबंधन एक साथ मनाया। इस मौके पर सबसे बड़ी 85 वर्षीय मैना कासलीवाल, 81 वर्षीय मुन्ना देवी और पड़ दोहिते 4 वर्ष 10 महीने के देवांश बाकलीवाल, पड़ दोहिती 3 वर्ष 6 महीने की सौम्या छाबड़ा, 1 वर्ष 6 महीने की चहल छाबड़ा सहित 40 लोगों ने एक साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। राखी बांधी और बंधवाई, साथ ही एक-दूसरे को बधाई दी और बड़ों का आशीर्वाद लिया। पर्व को संयुक्त परिवार की एकता का दिवस भी बताया।

### सुरक्षा करने वाले हाथों पर बांधी राखी



**बेधड़क. जयपुर।** कानोडिया पीजी गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की ओर से रक्षाबंधन पर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, गांधीनगर पुलिस थाना व ट्रैफिक पुलिस के पुलिसकर्मियों को आमंत्रित किया। स्वयंसेविकाओं ने रक्षासूत्र बांधकर उन्हें रक्षाबंधन के पर्व पर अपने जीवन का हिस्सा बनाया। प्रिंसिपल डॉ. सीमा अग्रवाल ने सभी पुलिसकर्मियों की ओर से महाविद्यालय को सदैव सतत सहयोग देने के लिए आभार जताया। स्वयंसेविकाओं ने स्नेहपूर्वक सभी महिला पुलिसकर्मियों के हाथों में मेहंदी लगाकर व सभी को रक्षासूत्र बांधकर रक्षा का पर्व मनाया। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की मंजू चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें हमेशा अपने आप पर भरोसा रखने व अपने हक के लिए सचेत रहने का संदेश दिया। गांधीनगर थाने की एसआई राजकुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए विश्वास दिलाया कि पुलिस भी आमजन की तरह ही है और हमेशा लोगों की मदद करने के लिए समर्पित है। स्वयंसेविकाओं को पुलिस सेवा में करियर बनाने के लिए भी उन्होंने प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन व आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी, डॉ. विजयलक्ष्मी गुप्ता, महिमा रामचंदानी व चारूल शर्मा ने किया।

### संस्कृत दिवस पर स्पेशल कवर का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** संस्कृत पत्रकारिता, योग, आयुर्वेद, वास्तुशास्त्र, इंडोलॉजी और भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित संस्था 'स्वस्तिवाचनम्' की 15वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भारत सरकार के संचार मंत्रालय के डाक विभाग ने संस्कृत दिवस पर स्पेशल कवर का विमोचन दिल्ली के संसद मार्ग स्थित प्रधान डाकघर के फिलैटेलिक ब्यूरो में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी रहे। प्रो. वरखेड़ी ने कहा कि 'संस्कृत ऐसी भाषा है जो सभी सीमाओं से परे और सभी के लिए है। 15 वर्षों में 'स्वस्तिवाचनम्' संस्था ने संस्कृत पत्रकारिता, योग, आयुर्वेद, वास्तुशास्त्र, इंडोलॉजी और भारतीय ज्ञान परंपरा के संवर्धन में अनुकरणीय योगदान दिया है।' विशिष्ट अतिथि के रूप में महार्षि पाणिनि संस्कृत व वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन (मध्य प्रदेश सरकार) के कुलपति प्रो. शिव शंकर मिश्र उपस्थित रहे। डाक विभाग की ओर से नई दिल्ली मध्यवर्ती मंडल के वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर वीरेन्द्र सिंह ने संस्कृत दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। 'स्वस्तिवाचनम्' के न्यासी हरीश चंद्र जोशी ने कहा कि संस्कृत भारत की आत्मा है।

### कबीर, अन्नमाचार्य, क्षेत्रय्या और कनकदास की रचनाओं को मंच पर किया साकार

# 'मंडला' में नृत्य, संगीत और भक्ति का हुआ अनूठा संगम

**बेधड़क** | जयपुर

गुलाबी नगरी की सावनी शाम में कुचिपुड़ी डांस और क्लासिकल वोकल परफॉर्मेंस का ऐसा जादू चला कि हर उम्र के कला प्रेमी उसमें खो गए। मौका था राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शनिवार शाम 7 से 8:15 बजे तक 'मंडला- कुचिपुड़ी डांस और क्लासिकल वोकल परफॉर्मेंस' का, जिसने दर्शकों को एक अद्वितीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव दिया।

यह प्रस्तुति अमृता लाहिरी (कुचिपुड़ी नृत्यांगना) और चंदना बाला कल्याण (शास्त्रीय गायिका) की रचनात्मक साझेदारी रही, जिसका निर्देशन और कोरियोग्राफी लीला सैमसन ने की।

कार्यक्रम में दर्शकों को श्रृंगार (प्रेम), विरह (वियोग), माया (भ्रम) और ऐक्य (विलय) जैसे शाश्वत विषयों की यात्रा पर ले जाया गया। वहीं, यह नृत्य और संगीत का ऐसा संवाद था, जिसमें कबीर, अन्नमाचार्य, क्षेत्रय्या और कनकदास जैसे संत कवियों की रचनाओं को खूबसूरती से पिरोया गया। प्रस्तुति ने संत कवियों के उस संदेश को सजीव कर दिया कि सुख-दुख, आनंद और संघर्ष सब क्षणभंगुर हैं - 'यह भी बीत जाएगा।' नृत्य की मोहक अभिव्यक्ति और संगीत की आत्मीय ध्वनि ने यह संदेश दिया कि माया के जाल से मुक्ति का मार्ग भक्ति है।



*कुचिपुड़ी नृत्यांगना अमृता लाहिड़ी और शास्त्रीय गायिका चंदना बाला कल्याण।*

**आर्ट लवर्स ने राखी की शुभकमनाएं देते हुए उठाया लुत्फ**

कार्यक्रम के हर अंश पर दर्शकों ने तालियों और उत्साह से अपनी सराहना व्यक्त की। यह शाम केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं थी, बल्कि एक गहन और प्रेरणादायक अनुभव था, जिसने परंपरा, दर्शन और कला को एक साथ जोड़ा। रक्षाबंधन होने के बाद भी बड़ी संख्या में आर्ट लवर्स सेंटर पहुंचे और इस खास आयोजन का लुत्फ उठाते हुए एक-दूसरे को रक्षाबंधन की बधाई भी मौके पर ही दी।

## कुतबी ब्रदर्स की सूफियाना शाम में खोए जयपुराइट्स



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर सूफियाना रंग में रंगा नजर आया। मौका था देश के चर्चित कव्वाल कुतबी ब्रदर्स की प्रस्तुति का। उन्होंने न केवल श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि एक रूहानी सफर पर ले गए। कार्यक्रम में शहर के संगीत प्रेमियों, कलाप्रेमियों और संस्कृतिकर्मियों की मौजूदगी रही। कव्वाली, तालियों और वाह-वाह की आवाजें एक नई ऊर्जा लेकर आईं। इसके बाद पेश की गई 'रश्के कमर' और 'ख्वाजा मेरे ख्वाजा' ने माहौल में इश्क और सूफियाना नजाकत भर दी। कुतबी ब्रदर्स ने पारंपरिक सूफी कव्वाली के साथ-साथ अपनी अलग शैली में प्रस्तुतियों से लोगों को भावविभोर कर दिया। श्रोताओं के चेहरों पर मुस्कान, हाथों में तालियां और दिलों में सुरों की गूंज ने इस शाम को खास बना दिया। यह सिर्फ एक संगीत कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव था, जहां सुरों ने शब्दों से असर किया।

## वन निर्भर लोगों को आजीविका से जोड़ने लिए समझौता



*कपिल चंद्रवाल, शिखा मेहरा, एसआरवी मूर्ति, नेहा गिरी, पीके उपाध्याय और अनुराग भारद्वाज।*

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान वानिकी व जैव विविधता विकास समिति और राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका), राजस्थान सरकार के बीच संवर्गीय सहयोग की दिशा में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। साझेदारी विशेष रूप से राजस्थान वानिकी व जैव विविधता विकास परियोजना के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य वनों पर निर्भर समुदायों की आजीविका को सुदृढ़ करना व उन्हें दीर्घकालिक, टिकाऊ और विविध आजीविका अवसरों से जोड़ना है, जिससे समुदायों की वनों पर निर्भरता कम की जा सके। परियोजना 13 जिलों - अलवर, बारां, भीलवाड़ा, भरतपुर, बूंदी, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झालावाड़, करौली, कोटा, सवाईमाधोपुर और टोंक के 800 गांवों में लागू की जा रही है। इस अवसर पर राजीविका की ओर से नेहा गिरी, स्टेट मिशन डायरेक्टर (एसएमडी) व आरएफबीडीपी की ओर से एस. आर. वी. मूर्थी, परियोजना निदेशक की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समारोह में वन विभाग से पी. के. उपाध्याय, पीसीसीएफ (हॉफ), शिखा मेहरा, पीसीसीएफ व मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, अनुराग भारद्वाज, पीसीसीएफ (डब्ल्यूपी एंड एफएस-आईटी), केसीए अरुण प्रसाद, एपीसीसीएफ (एफसीए), कपिल चंद्रवाल, अतिरिक्त परियोजना निदेशक आरएफबीडीपी उपस्थित रहे।

**बैठक** | **संगठन की कार्यप्रणाली और संरचना की जानकारी दी**

# 'परिवर्तन' से होता है नए विचारों और ऊर्जावान नेतृत्व का उदय

**बेधड़क** | जयपुर

अधिवक्ता परिषद राजस्थान, जयपुर प्रांत उच्च न्यायालय बेंच व जिला न्यायालय इकाई की बैठक न्यू कॉलोनी स्थित प्रांतीय कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री कमल परसवाल ने संगठन की कार्यप्रणाली व संरचना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिषद तहसील, जिला, प्रांत और राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है, जिसमें हर स्तर पर कार्यकारिणियों का गठन कर संगठन को सशक्त बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

प्रांत महामंत्री अभिषेक सिंह ने संगठन में 'परिवर्तन' प्रक्रिया की महत्ता को बताते हुए कहा कि संगठन में समय-समय पर नई कार्यकारिणी का गठन स्वाभाविक प्रक्रिया है। संगठन में 'परिवर्तन' नए विचारों, ऊर्जावान नेतृत्व और सकारात्मक दिशा की ओर कदम बढ़ाने का अवसर देता है, जिससे सदस्य प्रेरित होकर टीम भावना के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं।

बैठक के अंतिम सत्र में प्रांत अध्यक्ष प्यारेलाल ने उच्च न्यायालय इकाई (जयपुर प्रांत) अधिवक्ता परिषद कार्यकारिणी में संरक्षक नीरज भट्ट, अध्यक्ष जगमोहन सक्सेना, धर्मेंद्र जैन व महामंत्री धर्मेंद्र बराला, उपाध्यक्ष सोनिया शांडिल्य, गजेंद्र सिंह राठौड़, संजीव सोगरवाल, मंत्री राजाराम चौधरी, मीनल भार्गव, निखिल कुमावत, कोषाध्यक्ष अखिल दाधीच, कार्यालय मंत्री प्रदीप सुलानिया, स्टडी सर्कल प्रमुख नितिन जैन, न्यायप्रवाह प्रमुख बसंत पारीक, कार्यकारिणी सदस्य सुरभि अग्रवाल, उत्कर्ष द्विवेदी, रविंद्रपाल सिंह, शुभम जैन, धर्मेंद्र गुप्ता, वैभव पारीक, धनंजय शर्मा, रूपेंद्र सिंह राठौड़, गुंजन चावला, ऋतिका नरुका, यशवर्धन नंदवाना, नेहा गोयल के बारे में बताया।



### रतनलाल गुप्ता बने जिला न्यायालय इकाई के अध्यक्ष

जिला न्यायालय इकाई के अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन जाट, पूरणचंद सालोदिया, सुनीता श्रीमाल, महामंत्री कृष्ण कुमार देवासी, मंत्री मिथुन चौधरी, असविंदर कौर, ईना गर्ग, कोषाध्यक्ष सौरभ सिंघल, कार्यालय मंत्री दिनेश कुमावत, स्टडी सर्कल प्रमुख अस्मिता अग्रवाल, न्यायप्रवाह प्रमुख राजवीर सिंह महला, कार्यकारिणी सदस्य योगेश भाटी, शक्ति सिंह चौहान, महेंद्र चौधरी, कविता शर्मा, करण सिंह नाथावत, भावना नावरिया, प्रियल बोहरा, मधु कुमावत, मनीषा सैनी, नूपुर शर्मा के नामों की घोषणा की। मंच संचालन जिला न्यायालय इकाई महामंत्री कृष्ण कुमार देवासी ने किया।



शिवराज गुर्जर
वरिष्ठ पत्रकार व फिल्म राइटर

### कुछ भी गलत करने से रोकने को स्वतंत्रता में दखल मानने वाले युवा समझें...

# पैरेंट्स विलेन नहीं... तुम्हारे जीवन के असली वॉरियर

*पैरेंट्स आपका बुरा नहीं चाहते हैं, बल्कि भविष्य में आपके साथ बुरा न हो, इसके लिए प्रयासरत रहते हैं। ऐसे में हो सकता है कि कई बार ज्यादा ही सख्त हो जाते हों, लेकिन इसके पीछे उनका मकसद कतई आपकी स्वतंत्रता को छीनना नहीं होता। अपने माता-पिता को विलन की तरह नहीं, उस किसान की तरह देखिए जो अपनी फसल को आवारा जानवरों से बचाने के लिए तरह-तरह के जतन करता है। वह उसके चारों ओर कांटों की बाड़ इसलिए नहीं करता कि वे कांटे उसकी फसल को चुभें, बल्कि इसलिए करता है कि उसकी फसल पर बुरी नजर डालने वाला यदि उसको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करे तो वे कांटे उसे चुभें और वह उस फसल से दूर भाग जाए। हमेशा दिमाग में रखिए कि अच्छी फसल उसी खेत की होती है, जिसका मालिक उसकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखता है।*



यह मत करो, वो मत करो। ऐसे मत रहो, वैसे मत रहो। यह मत पहनो, वो मत पहनो। अरे यार क्या है यह। मेरी तो लाइफ की वाट लगाकर रख दी है मम्मी-पापा ने। सुरभि ने कहा तो उसकी हां में हां मिलाते हुए पवन बोला - सही कह रही हो यार। ये पैरेंट्स नहीं, हमारी जिंदगी के विलेन हैं, जो कभी हमारा पीछा नहीं छोड़ने वाले।

मां-बाप से यह शिकायत अकेले सुरभि और पवन की नहीं है, बल्कि हर उस युवा की है, जिन्हें कुछ भी गलत करने से उनके माता-पिता रोकते हैं या फिर उन्हें कुछ भी गलत नहीं करने के लिए समझाते हैं। चाहे वह गलत काम हो या फिर गलत संगत। ऐसे युवा अपने मां-बाप को विलन समझने से पहले यह नहीं सोचते कि वे जो भी करते हैं, उनके भले के लिए करते हैं।

वे अगर उन्हें कुछ गलत करने से टोकते हैं तो उसके पीछे एक लॉजिक होता है। उन्हें उस काम के परिणाम पता हैं, क्योंकि उन्होंने वैसा करने वाले लोगों के साथ जो हुआ है, उसे देखा है और हो सकता है कि उन्होंने उसे भोगा भी हो। ऐसे में वे नहीं चाहते कि उनकी औलाद भी वही गलत काम करके वैसा ही परिणाम भुगते। उन्हें सोचना चाहिए कि वे उन्हें गलत काम करने को ही क्यों रोकते हैं। उन्हें अच्छा काम करने से तो नहीं रोकते।

वे छोटी उम्र के आकर्षण और प्यार में फर्क समझते हैं, इसलिए फौरी इश्कबाजी से रोकते हैं। वे बीड़ी, सिगरेट पीने या गुटखा खाने के नुकसान जानते हैं। उन्हें शराब-बीयर या अन्य नशा करने के लाइफ और रिश्तों पर पड़ने वाले प्रभाव का पता है, इसलिए वे उन्हें ऐसी चीजों से दूर रहने के लिए बोलते हैं।

आज जिस तरह की घटनाएं युवतियों और महिलाओं के साथ घटित हो रही हैं, वे रोज अखबारों, टीवी और सोशल मीडिया पर देख रहे हैं। ऐसे में वे अगर अपनी बेटी को लेकर प्रोटेक्टिव हैं तो कहां गलत हैं। वे आपका बुरा नहीं चाहते हैं, बल्कि भविष्य में भी आपके साथ बुरा न हो, इसके लिए प्रयासरत रहते हैं। ऐसे में हो सकता है कि कई बार ज्यादा ही सख्त हो जाते हों, लेकिन इसके पीछे उनका मकसद कतई आपकी स्वतंत्रता को छीनना नहीं होता।

अपने माता-पिता को विलेन की तरह नहीं, उस किसान की तरह देखिए जो अपनी फसल को आवारा जानवरों से बचाने के लिए तरह-तरह के जतन करता है। वह उसके चारों ओर कांटों की बाड़ इसलिए नहीं करता कि वे कांटे उसकी फसल को चुभें, बल्कि इसलिए करता है कि उसकी फसल पर बुरी नजर डालने वाला यदि उसको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करे तो वे कांटे उसे चुभें और वह उस फसल से दूर भाग जाए।

हमेशा दिमाग में रखिए कि अच्छी फसल उसी खेत की होती है, जिसका मालिक उसकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखता है। बिना बाड़ वाली फसल को आवारा जानवर खा जाते हैं। यही फॉर्मूला हमारी लाइफ पर भी लागू होता है।

जो माता-पिता शुरू से ही अपनी संतान पर नजर रखते हैं, उन्हें बचपन से ही अच्छे-बुरे में फर्क समझाते हैं, अच्छे-बुरे कामों के फायदे-नुकसान समझाते हैं, उनकी संतान आपको हमेशा सही रास्ते पर चलने वाली और संस्कारवान होगी। दूसरी तरफ आप देखेंगे कि ऐसे माता-पिता जो अपनी संतान के प्रति लापरवाह होते हैं, उनको पता ही नहीं होता कि उनकी संतान क्या कर रही है, किसके साथ उठ-बैठ रही है, कैसी संगत कर रही है, उनके बच्चे अक्सर गलत रास्ते पर निकल जाते हैं और जब तक उन्हें इस चीज का पता चलता है, वे इतने आगे जा चुके होते हैं कि उनका वापस लौटना नामुमकिन होता है।

ऐसे में यह जरूरी है कि संतान को भी चाहिए कि वह अपने माता-पिता की रोक-टोक को गलत तरीके से नहीं ले, बल्कि समझे कि वे जो भी कर रहे हैं, उनके भले के लिए कर रहे हैं। मान लीजिए कि कुछ ऐसा लग रहा है कि ज्यादा हो रहा है तो उनके साथ बैठकर अपनी स्थिति क्लियर कीजिए, वे जरूर समझेंगे क्योंकि वे भी आपका भला ही चाहते हैं।

बच्चों को समझना पड़ेगा कि उनके माता-पिता उनसे बड़े हैं - उम्र में भी और अनुभव में भी। उन्होंने जीवन का हर रंग देखा है - अच्छा भी और बुरा भी। इसलिए वे ज्यादा अच्छे तरीके से समझ सकते हैं कि उनकी संतान के लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा।

हां, वक्त में बदलाव के हिसाब से इतना हो सकता है कि वे तकनीक के मामले में कमजोर हों, लेकिन यकीन मानिए जीवन के अच्छे-बुरे को समझने में वे बहुत मजबूत हैं। पहले में और अब में कुछ भी नहीं बदला है, बदली है तो बस तकनीक है। तकनीक मशीनी है, इसमें इमोशंस नहीं हैं। इसलिए यह आपको मॉडर्न तो बना सकती है, लेकिन इंसान नहीं बना सकती। इंसान तो आपको आपके मां-बाप ही बना सकते हैं, आपको अच्छे संस्कार देकर।

इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे अपनी सोच को बदलें और माता-पिता को जीवन में विलेन की तरह नहीं, बल्कि वॉरियर की तरह देखें, जो हर समय आपको गलत राह पर ले जाने वाले दुश्मनों से लड़ते रहते हैं, आपके सामने ढाल बनकर डटे रहते हैं।

साथ ही माता-पिता को भी चाहिए कि बच्चों को गलत रास्ते पर जाने या गलत संगत में पड़ने से रोकें, लेकिन इस तरह से कि वह उनको गलत न लगे। उन्हें प्रेम से समझाएं, उस काम या संगत की बुराई को ताकि वह वहां जाने का इरादा त्याग दे।

हां, अगर समझाने के बाद भी बच्चे नहीं समझें तो उनको उनके हाल पर छोड़ने के बजाय एक सच्चे माता-पिता का फर्ज निभाते हुए सख्ती भी बरतें। तुलसीदास जी की बात को याद रखें - 'भय बिन होत न प्रीत गुसाईं'।

## कविता

### स्वाभिमान तिरंगा



गोपाल कृष्ण व्यास
पूर्व अध्यक्ष, राज्य मानवाधिकार आयोग

सात रंगों में तीन विशेष,
हरा, सफेद, केसरिया,
इन रंगों से सजता है
हमारा प्यारा तिरंगा।

हरा रंग दिखाता है
विकास की राहें प्यारी,
सफेद शांति से करता
सुखद जीवन की सवारी।

केसरिया में छुपा हुआ है
साहस का उजियारा,
जो संघर्षों में सुधारता
जीत का पथ हमारा।

बीच में घूमता चक्र कहे
नित आगे बढ़ते जाना,
कर्तव्य-पथ पर चलकर ही
स्वाभिमान हमको रखना।
तिरंगे की छांव में हमने
सपनों को पंख दिए हैं,
शहीदों की कुर्बानी ने
गौरव के रंग सिए हैं।

सेना के हर सैनिक को
तिरंगा ही सबसे प्यारा है,
सीमा के शिखर पहुंचकर
हाथों से उसको लहराता है।

आओ, झंडा हाथ में लेकर
प्रगति को आगे बढ़ाएं,
वन्देमातरम् गूंजाकर हम
भारत की महिमा गायें।

### विद्यार्थी जीवन



राजेश्वर सिंह
आईएएस (सेवानिवृत्त)

*सुरम्य वृक्षावलियों
और सुंदर अट्टालिकाओं से
भरा हुआ भव्य
और मनोरम परिवेश।*

*छोटे से गांव से आया हुआ
विद्यार्थी वह
सोचता था, आ गया
पता नहीं किस देश।*

*बौद्धिक और बुद्धिमान,
शिक्षक थे विद्वान,
शिक्षा और संस्कृति की ज्योति
से प्रकाशमान।*

*ज्ञान के सौरभ से
सुवासित हुई चेतना,
जाग्रत हुई शोषित की
मुक्ति की कामना।*

*चाय की थड़ी पर,
सहपाठी मित्रों के साथ
बहस बेशुमार, लगातार
और धुआंधार।
मार्क्स, लेनिन, माओ
से मुक्तिबोध, लोहिया तक,
पूंजी के साम्राज्य से
जनवाद, राष्ट्रवाद तक,
खेत से खलिहान तक,
झोपड़ी से महल तक,
बड़े कारखाने से छोटी दुकान
तक,
सब कुछ था दिल और दिमाग
के दयार में।*

*इस मायालोक में सब कुछ
सुहावन था,
चित्ताकर्षक था और मनभावन
था,
कुछ कोमल बंधन थे और
खिलखिलाहटें थीं,
अव्यक्त प्रेम था,
अबूझ सी आहटें थीं।*

*किंतु मनी ऑर्डर में विलंब जब
होता था,
मेस मैनेजर का उपालंभ जब
होता था,
मित्रों की मदद से प्रबंध जब
होता था,
उधार वापसी का अनुबंध जब
होता था,
तब शुरू होता था मायालोक से
मोहभंग,
भागो यहां से, रोजी-रोटी का
करो प्रबंध।*

*कांट, हेगेल छोड़ो, प्रतियोगिता
दर्पण पढ़ो,
दूसरों की चिंता छोड़, खुद की
चिंता करो।*


*चिंतन और चर्चा पर लग गया
पूर्ण विराम,
चिंता इस बात की कि कब होंगे
पूर्ण काम,
अध्ययन का एक ही उद्देश्य रह
गया,
नौकरी पाना है, बाकी सब बिसर
गया।*

**लेखकों से आग्रह है...**
वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।

## लघु कथाएं

# मोटोड़ा साब





सीमा हिंगोनिया
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

साब नमस्कार, साब नमस्कार, यह आवाज दो बार सुनने के बाद पीछे मुड़ी तो एक बुजुर्ग महिला, जो काफी हंसमुख दिख रही थी और शरीर से हस्ट-पुष्ट भी थी, मुझे बड़ी खुशी और उम्मीद भरी नजरों से निहार रही थी।

उनके स्नेह और सम्मानपूर्ण अभिवादन ने मुझे अंदर से झकझोर दिया था।

मैंने भी मुस्कुराकर, हाथ जोड़कर अभिवादन का सम्मानजनक जवाब दिया।

अब वह मेरे साथ चलने लगी और मुझे समझ आ गया कि यह मुझसे बात करने को आतुर हैं।

मेरी रूटीन वॉक में मैं अक्सर किसी से बोलने से बचना बेहतर समझती हूं, क्योंकि बातचीत से मॉर्निंग वॉक एंड रन में व्यवधान पड़ता है। लेकिन उनकी खुद आगे बढ़कर मुझसे बात करने की इच्छा और आत्मीयता ने मुझे मोह में डाल दिया था, और वह मेरे साथ चलने लगीं, मैंने भी उन्हें साथ ले ही लिया।

उनकी पहली लाइन थी-

'साब, मुझे पता है आप तो मोटोड़ा साब हो, यहां के।'

मोटोड़ा साब! यह शब्द अपने लिए सुनकर मैं आश्चर्यचकित तो थी ही, साथ ही अंदर से बहुत खुशी भी हुई, क्योंकि यह शब्द अपने लिए पहली बार सुना था।

अब तक 'सर' और 'मैडम' जैसे शब्द ही कानों को छू पाए थे।

'हां!' मैंने भी खुलकर हंसकर जवाब दिया।

अब वह मुझसे खुलकर बोलने लगीं-

'मैं तो जिंदगी में पहली बार देखी ऐसा मोटोड़ा साब। थाने तो सारी की सारी जगह ही खिला दी पेड़ लगाकर। चारों ओर पेड़ ही पेड़, चारों ओर इतनी साफ-सफाई और आ बैठने की जगहें।

सुबह-सुबह बहुत अच्छा लगता है यहां घूमना और यह मंदिर का भजन सुनना।'

मैं उनकी बातें लगातार सुनती रही और मन ही मन मुस्कुराती रही। फिर अचानक उन्होंने कहा-

'इतना सारा काम थे, औरत होकर भी करवा दिया! यह तो बहुत ही बड़ी बात है, वरना इतना अच्छा काम तो आदमी भी कौन करा सके! और मैं इतने साल से यहां आ रही हूं, पर अब अच्छा लगने लगा है सब तरफ।'

फिर उन्होंने कहा-

'मुझे मेरे बेटे ने बताया कि कोई मैडम है, जो नया-नया आया है और वो सारा काम खुद देखे हैं। तो मुझे सुनकर बहुत अच्छा लगा! मैं रोज आपरां आने को रास्ता देखती। आज थे दिखाई दिया, तो मेरी आपसे बात करने की इच्छा हुई।'

मैं लगातार सुनती रही और मन ही मन खुश होती रही... और वह बोलती रही, हम साथ-साथ चलते रहे।

महिलाओं पर लगे आज तक सभी प्रश्नचिन्हों का जवाब इस एक शब्द में ही छुपा था।

मोटी तो मैं नहीं हूं, पर मोटोड़ा साब का अर्थ उन्होंने मुझे समझा दिया था।

# हिरनी की व्यथा



सुमित्रा माथुर
साहित्यकार



उमाशंकर जी बहुत ही सीधे-साधे, सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी पत्नी शारदा भी हंसमुख और दयालु महिला थीं। गांव में उनकी खेती बड़ी थी। वे दोनों पति-पत्नी खेती का ही काम करते और उससे जो आमदनी होती, उसी से अपना गुजारा कर लेते।

उनकी शादी को बहुत साल बीत गए, परंतु कोई संतान नहीं हुई। उमाशंकर जी शिव भक्त थे। वे शिव जी से एक ही वर मांगते कि उन्हें भी एक संतान दे दे, जिससे उनका बुढ़ापा आसानी से कट जाए।

कुछ समय बाद उनके एक पुत्र हुआ। उसका नाम उन्होंने 'शिवा' रखा। अच्छे संस्कारों के साथ उसका लालन-पालन किया। बड़े होने पर उसने अपने माता-पिता की बहुत सेवा की और उनके बुढ़ापे को देखते हुए स्वयं शादी भी नहीं की। पिता की तरह वह भी शिव भक्त था।

कुछ साल बाद उसके माता-पिता का देहांत हो गया और वह गांव छोड़कर जंगल में एक शिव जी के छोटे से मंदिर में पूजा-पाठ करने लगा।

एक दिन वह जंगल में फूल लेने जा रहा था, तभी एक हिरनी घबराई-सी उसके आगे-पीछे घूमने लगी। वह उसे अपने पीछे चलने का इशारा कर रही थी। शिवा समझ नहीं पाया और वहीं खड़ा-खड़ा उसे देखता रहा।

हिरनी धीरे-धीरे चलने लगी, जैसे उसे किसी ओर ले जाना चाहती हो। शिवा भी उसके पीछे चल पड़ा। वह उसे उस स्थान पर ले गई, जहां एक बहेलिए ने जाल बिछा रखा था। उस जाल में हिरनी का बच्चा फंसा हुआ था।

शिवा ने तुरंत जाल को काटा और बच्चे को बाहर निकाला। बच्चा दौड़कर अपनी मां के पास पहुंचा और उससे लिपट गया। मां और बच्चे दोनों की आंखों से आंसू बह रहे थे।

हिरनी जमीन पर लेटकर शिवा का धन्यवाद करने लगी। मां को ऐसा करते देख उसका बच्चा भी वैसे ही करने लगा।

शिवा वहां से जाने लगा, तो वे दोनों भी उसके पीछे-पीछे चल पड़े और उसकी कुटिया तक पहुंच गए। वे वहीं रहने लगे। शिवा जैसा करता, वे भी वैसे ही करते। रोज जंगल में शिवा के संग फूल तोड़ने जाते और मंदिर में शिव जी को अर्पित करते। नतमस्तक होकर शिवा का भी धन्यवाद करते। अब शिवा को सच्चे साथी मिल गए थे। अब वह अकेला नहीं था।

राकांपा (एसपी) प्रमुख बोले- भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की दबाव की रणनीति

# देश के हित में मोदी सरकार का समर्थन जरूरी: शरद पवार

एजेंसी | नागपुर

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससी) प्रमुख शरद पवार ने अमेरिकी शुल्क का हवाला देते हुए शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दबाव की रणनीति के खिलाफ राष्ट्रीय हित में केंद्र सरकार का समर्थन करने का आह्वान किया।

पवार ने नागपुर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ) लगाना दबाव बनाने की रणनीति है। हम भारत के लोगों को देश के हितों की रक्षा के लिए सरकार का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इस बात पर अटकलें नहीं लगाना चाहते कि मोदी सरकार की विदेश नीति विफल हो गई है या नहीं।

उन्होंने कहा, हमने पहले कार्यकाल में भी अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की कार्यशैली देखी थी। मुझे लगता है कि उन पर किसी का नियंत्रण नहीं है। जो भी उनके दिल में आता है, वह आवेग में आकर बोल देते हैं।



### शिंदे कौन सा रास्ता अपनाएंगे, पता चल जाएगा

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की हाल ही में नई दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ हुई बैठकों की पृष्ठभूमि में पवार ने कहा कि जल्द ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि वह (एकनाथ) कौन सा 'रास्ता' अपनाएंगे। पवार ने रहस्यमयी लहजे में कहा, हम शिंदे को कई सालों से जानते हैं। वह चुपचाप काम करना पसंद करते हैं और कभी कुछ करने से पीछे नहीं हटते।

### वोट चोरी के राहुल गांधी के आरोपों की जांच कराए चुनाव आयोग

शरद पवार ने मांग की कि चुनावी प्रक्रिया की शुचिता और निर्वाचन आयोग की छवि के बारे में संदेह दूर करने के लिए आयोग विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए "वोट चोरी" के आरोपों की विस्तृत जांच कराए। पवार ने पत्रकारों से कहा कि वोट चोरी पर राहुल गांधी की प्रस्तुति अच्छी तरह से शोध और दस्तावेजीकरण के बाद दी गई थी। दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। जांच से सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि चूंकि निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्था है, इसलिए उसे गांधी से अलग से घोषणापत्र नहीं मांगना चाहिए। 'गांधी ने संसद में भी यही कहा था। निर्वाचन आयोग द्वारा उनसे घोषणापत्र मांगना उचित नहीं है।

### पड़ोसी देशों से रिश्ते सुधारे जाएं

पवार ने कहा कि हम अपने पड़ोसी देशों के प्रति अपने रवैये को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। आज पाकिस्तान हमारे खिलाफ है, जबकि नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे देश हमसे खुश नहीं हैं। मुझे लगता है कि पीएम मोदी को इस पहलू को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और संबंधों को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### दो लोगों ने 160 सीटों पर जीत की गारंटी दी थी

पवार ने दावा किया कि 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले दो लोगों ने उनसे नई दिल्ली में मुलाकात की थी और 288 में से 160 निर्वाचन क्षेत्रों में विपक्ष की जीत की "गारंटी" दी थी। पवार ने कहा, मैंने उन्हें राहुल गांधी से मिलवाया। उनका मानना था कि हमें (विपक्ष को) ऐसे मामलों में नहीं पड़ना चाहिए और सीधे जनता के पास जाना चाहिए।

### नया आयकर विधेयक कल पेश होगा: रिजिजू



**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नया आयकर विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश करेंगी जिसमें प्रवर समिति की सिफारिशों को शामिल किया गया है । रिजिजू का यह बयान शुक्रवार को लोकसभा से आयकर विधेयक को वापस लिए जाने पर मीडिया के एक वर्ग में जताई गई आशंकाओं के मद्देनजर आया है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि आशंकाएं निराधार हैं, क्योंकि प्रस्तुत किए जाने वाले नए विधेयक में वे सभी बदलाव शामिल किए जाएंगे, जो प्रवर समिति द्वारा सुझाए गए हैं और जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया है।

### भारत धमकियों के आगे नहीं झुकेगा: नायडू



**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापार तनाव के बीच शनिवार को कहा कि भारत अपने रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा तथा बाहरी दबाव के बावजूद अपनी ऊर्जा सुरक्षा की रक्षा करना जारी रखेगा। नायडू ने यहां एम एस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि हम ऊर्जा सुरक्षा की रक्षा करते रहेंगे और अपने सामरिक एवं राष्ट्रीय हितों पर अडिग रहेंगे। किसी भी धमकी के आगे झुकने का सवाल ही नहीं उठता। भारत पर धमकियां काम नहीं करेंगी। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि भारत आज आत्मनिर्भर है, लेकिन 'साझा करना और परवाह करना' की मूल भावना के साथ सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

### J&K: आतंकियों के घरों पर पुलिस ने मारे छापे

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने किश्तवाड़ जिले में आतंकी तंत्र के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकवादी मोहम्मद अमीन भट उर्फ जहांगीर सरूरी के घर समेत 26 घरों की तलाशी ली। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि किश्तवाड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नरेश सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप सिंह गोरिया की देखरेख में कई स्थानों पर समन्वित औचक छापे मारे गए। भट के अलावा जिन घरों की तलाशी ली गई उनमें अधिकतर पाकिस्तान और पीओके से सक्रिय आतंकवादियों के घर शामिल हैं।

'ट्रंप टैरिफ' के बोझ से उद्योगों को बचाने के प्रयास तेज

# 2,250 करोड़ का निर्यात संवर्धन मिशन शुरू करने की तैयारी

एजेंसी | नई दिल्ली

सरकार जल्द ही 2,250 करोड़ रुपए के निर्यात संवर्धन मिशन के तहत सहायता उपायों की घोषणा कर सकती है, ताकि उद्योग को ट्रंप टैरिफ से पैदा हुईं वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से बचाया जा सके।

एक अधिकारी ने कहा कि हम यह पता लगाने के लिए निर्यातकों के साथ बातचीत कर रहे हैं कि उन्हें कारोबारी सुगमता जैसे विभिन्न तरीकों से कैसे सबसे अच्छी तरह मदद दी जा सकती है। हम इस बात पर विचार कर रहे हैं कि घरेलू खपत को कैसे बढ़ावा दिया जाए। हम नई आपूर्ति श्रृंखलाओं, नए बाजारों और नए उत्पादों पर विचार कर रहे हैं।

इस मिशन में छोटे और मझोले उद्योगों और ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए आसान ऋण योजनाएं, विदेश में गोदाम की सुविधा और उभरते निर्यात अवसरों का लाभ उठाने के लिए वैश्विक ब्रांडिंग पहल जैसे उपाय शामिल हो सकते हैं। सरकार ने एक फरवरी को 2,250 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस मिशन की घोषणा की थी।

उद्योग अधिकारियों के अनुसार इस मिशन को दो व्यापक श्रेणियों में विभाजित किया गया है - व्यापार वित्त सहायता प्रदान करना (निर्यात प्रोत्साहन) और अंतरराष्ट्रीय समग्र बाजार पहुंच को बढ़ावा देने (निर्यात दिशा) की पहल। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) 30 अप्रैल को निर्यात संवर्धन परिषदों के प्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख हितधारकों के समक्ष इस मिशन पर एक प्रस्तुति दे चुका है।




**ये उपाय शामिल होंगे मिशन में**

- छोटे व मझोले उद्योगों और ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए आसान ऋण योजनाएं।
- विदेश में गोदाम की सुविधा।
- उभरते निर्यात अवसरों के लिए वैश्विक ब्रांडिंग की पहल।

**इन उपायों पर भी विचार**

- घरेलू खपत को कैसे बढ़ावा दिया जाए।
- नई आपूर्ति श्रृंखलाओं, नए बाजारों और नए उत्पादों पर विचार।

ट्रंप पर भड़के US के पूर्व NSA जॉन बोल्टन

## अमेरिका के लिए बुरे नतीजे सामने आएंगे

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीति ने भारत और अमेरिका के दशकों पुराने रणनीतिक प्रयासों को कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रपति द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ वॉशिंगटन के लिए सबसे बुरे नतीजे लेकर आएगा। इससे अमेरिका के लिए नई दिल्ली और दूर हो गया है और रूस व चीन से दूर करने के अमेरिका के दशकों के प्रयास नाकाम हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इस कदम का उलटा असर हुआ है, जिससे भारत के साथ संबंध तनावपूर्ण हुए हैं, जबकि चीन को इससे कोई फर्क नहीं पड़ा है। बोल्टन ने रूसी तेल खरीदने के लिए नई दिल्ली पर लगाए गए भारी टैरिफ की ओर इशारा किया और ट्रंप पर भारत की बजाय चीन को तरजीह देने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे एक संभावित 'बड़ी भूल' बताया।


जॉन बोल्टन

द हिल के लिए एक संपादकीय लेख में बोल्टन ने कहा कि ऐसा लगता है कि व्हाइट हाउस टैरिफ दरों और अन्य मानकों पर बीजिंग के साथ नई दिल्ली की तुलना में ज्यादा नरमी बरतने की ओर अग्रसर है। अगर ऐसा है, तो यह एक बहुत बड़ी भूल होगी।

2019-20 के बाद से 90% की वृद्धि

## भारत का रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ पर पहुंचा: राजनाथ सिंह

एजेंसी | नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2024-25 में 1,50,590 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। यह उपलब्धि पिछले वित्त वर्ष के 1.27 लाख करोड़ रुपए के रक्षा उत्पादन की तुलना में 18 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि को दर्शाती है। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में देश का वार्षिक रक्षा उत्पादन बढ़कर 1,50,590 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2019-20 के बाद से अब तक 90 प्रतिशत की आश्चर्यजनक बढ़ोतरी को भी प्रदर्शित करती है, उस समय यह आंकड़ा 79,071 करोड़ रुपए था। सिंह ने इस उपलब्धि को हासिल करने में रक्षा उत्पादन विभाग और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों और निजी उद्योग सहित सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह भारत के सशक्त होते रक्षा औद्योगिक आधार का स्पष्ट संकेत है।

### रूस के साथ रक्षा संबंध मजबूत करने पर चर्चा

**मॉस्को।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव के साथ द्विपक्षीय सैन्य-तकनीकी संबंधों और रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा की। डोभाल द्विपक्षीय ऊर्जा और रक्षा संबंधों पर महत्वपूर्ण वार्ता करने और इस वर्ष के अंत में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की तैयारी के लिए रूस में हैं। भारत स्थित रूसी दूतावास के अनुसार, डोभाल और मंतुरोव की मुलाकात शुक्रवार को हुई। इस बैठक के दौरान भारत-रूस के बीच सैन्य-तकनीकी सहयोग से जुड़े मौजूदा मुद्दों पर चर्चा हुई।

वकील के रूप में नामांकन

## विधि स्नातकों से नहीं ले सकते 'वैकल्पिक' शुल्क: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वकीलों के रूप में नामांकन कराने वाले विधि स्नातकों से राज्य बार काउंसिल या 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' द्वारा वैधानिक शुल्क के अलावा कोई अन्य 'वैकल्पिक' शुल्क नहीं वसूला जा सकता। शीर्ष अदालत ने इसी के साथ कर्नाटक राज्य बार काउंसिल से ऐसी कोई भी राशि वसूलना बंद करने को कहा है।

न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश आर महादेवन की पीठ ने के. एल. जे. ए. किरण बाबू की एक अवमानना याचिका पर यह निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि राज्य बार काउंसिल, विशेषकर कर्नाटक राज्य बार काउंसिल द्वारा विधि स्नातकों से नामांकन के लिए अत्यधिक शुल्क नहीं लेने के इस न्यायालय के पिछले साल जुलाई के निर्देशों का अक्षरशः पालन नहीं किया जा रहा है।



'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' ने अपने हलफनामे में कहा कि सभी राज्य बार काउंसिल सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन कर रही हैं और कर्नाटक राज्य बार काउंसिल द्वारा पहचान पत्र, प्रमाण पत्र, कल्याण निधि और प्रशिक्षण आदि के लिए 6,800 रुपए की फीस ली जाती है तथा वैधानिक शुल्क के अतिरिक्त 25,000 रुपए वैकल्पिक हैं, अनिवार्य नहीं।

कोलकाता: महिला चिकित्सक से रेप का मामला

## पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर किया लाठीचार्ज

एजेंसी | कोलकाता

कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक से कथित तौर पर दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या की घटना की पहली बरसी पर शनिवार को पश्चिम बंगाल सचिवालय 'नबान्न' तक मार्च के दौरान मध्य कोलकाता के पार्क स्ट्रीट चौराहे पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। रानी रश्मोनी रोड सभा स्थल से आगे न बढ़ने की पुलिस की चेतावनी को नजरअंदाज करने के बाद विद्यासागर सेतु की ओर बढ़ने की कोशिश में प्रदर्शनकारियों ने अवरोधक को पार करने की कोशिश की जिसके बाद तनाव फैल गया। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने भाजपा नेता अग्निमित्रा पॉल और भाजपा के अन्य विधायकों के साथ 'पार्क स्ट्रीट जेएल नेहरू रोड क्रॉसिंग' पर धरना दिया।


कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले को एक साल पूरा होने पर शनिवार को निकाले गए विरोध मार्च के दौरान बैरिकेड्स को पार करने का प्रयास करते प्रदर्शनकारी।

### पुलिस ने मेरे साथ बदसलूकी की: पीड़िता की मां

पीड़िता की मां ने शनिवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय 'नबान्न' तक मार्च में शामिल होने के लिए जाते समय महिला पुलिसकर्मियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। हाथापाई में उनका शंख (पारंपरिक शंख चूड़ी) टूट गया और उनके सिर में चोट पहुंची।

पाकिस्तान से हथियारों व मादक पदार्थों की तस्करी पर लगेगा अंकुश

# पंजाब में ड्रोन रोधी प्रणालियों की तैनाती शुरू

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के मकसद से शनिवार को ड्रोन रोधी प्रणाली का उद्घाटन किया। मान ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ मिलकर सीमांत जिले तरनतारन में एक कार्यक्रम के दौरान तीन ड्रोन रोधी प्रणालियों का उद्घाटन किया। इसके अलावा राज्य में छह प्रणालियों को और तैनात करने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणाली को 'बाज अक्ख' कहा जाएगा। इस प्रणाली को बीएसएफ के समन्वय से सीमावर्ती जिलों में सेना की दूसरी पंक्ति के रूप में तैनात किया जाएगा। मान ने कहा कि पंजाब देश का पहला ऐसा राज्य होगा जिसके सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन रोधी प्रणाली तैनात होगी। जब भी कोई ड्रोन की गतिविधि देखी जाएगी, यह प्रणाली उसे रोक लेगी और उसे निष्क्रिय कर देगी।




### ड्रोन रोधी व्यवस्था का होगा विस्तार

मान ने कहा कि सीमा के उस पार से मादक पदार्थ और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए पंजाब सरकार का यह एक बड़ा कदम है। आने वाले दिनों में हम राज्य में ड्रोन रोधी व्यवस्था का विस्तार करेंगे। पूर्व सीएम केजरीवाल ने मादक पदार्थों की समस्या के खिलाफ आप सरकार के प्रयासों को भी रेखांकित किया और इस समस्या के लिए पिछली सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि पाकिस्तान से ज्यादातर मादक पदार्थ ड्रोन के जरिए आते हैं। आज पंजाब सरकार ड्रोन रोधी प्रणाली लागू कर रही है। अगर कोई ड्रोन पाकिस्तान से पंजाब में घुसता है, तो यह प्रणाली उसे बेअसर कर देगी।

### पंजाब से लगती है 553 किमी लंबी सीमा

पंजाब में पाकिस्तान के साथ 553 किलोमीटर लंबी सीमा है, जो अमृतसर, तरनतारन, पठानकोट, फाजिल्का, फिरोजपुर और गुरदासपुर जिलों तक फैली हुई है।

निर्वाचन आयोग की कार्रवाई

## गैर-मान्यता प्राप्त 334 दलों को सूची से हटाया

एजेंसी | नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शनिवार को कहा कि उसने 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है, जो 2019 से छह साल तक एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं।

इन दलों के कार्यालय भी कहीं नहीं मिले। निर्वाचन आयोग ने कहा कि ये 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल (आरयूपीपी) देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। इस कवायद के बाद कुल 2,854 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से अब 2,520 ही बचे हैं। वर्तमान में, छह राष्ट्रीय दल और 67 राज्य स्तरीय दल हैं। इस साल जून में निर्वाचन आयोग ने 345 ऐसे दलों के खिलाफ कार्यवाही शुरू की थी और अंततः 334 को सूची से हटा दिया। अधिकारियों ने बताया कि 2001 से अब तक, निर्वाचन आयोग निष्क्रिय आरयूपीपी को तीन से चार बार हटा चुका है।



**उत्तरकाशी:** बचाव अभियान जारी, अब तक 1,000 से अधिक लोगों को हवाई मार्ग से निकाला

# श्वान दस्तों व 'थर्मल इमेजिंग' कैमरों से लोगों की तलाश जारी

■ गंगोत्री राजमार्ग अवरुद्ध होने से उन्नत उपकरण पहुंचाने में बाधा

**एजेंसी** | उत्तरकाशी(उत्तराखंड)

उत्तरकाशी में आपदा प्रभावित धराली के आसपास के इलाकों से लोगों को निकालने के लिए शनिवार को भी कई हेलिकॉप्टर उड़ान भरते नजर आए। बचाव अभियान पांचवें दिन भी जारी रहा और अब तक कुल 1,000 से अधिक लोगों को हवाई मार्ग के जरिए निकाला गया है। फिलहाल सड़क संपर्क में सुधार और प्रभावित लोगों को भोजन के पैकेट उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। गंगोत्री राजमार्ग कई जगहों पर अवरुद्ध है या टूटा हुआ है, जिससे बाढ़ से तबाह हुए इलाके में पड़े टनों मलबे के बीच लापता लोगों की तलाश के लिए आवश्यक उन्नत उपकरणों को पहुंचाने के प्रयासों में बाधा आ रही है। एसडीआरएफ का श्वान दस्ता मंगलवार को खीर गंगा में हुए विनाशकारी भूस्खलन के बाद लापता लोगों की तलाश में मलबे से भरी जर्जर इमारतों में जीवन को तलाश करता दिखा। भूस्खलन ने धराली बाजार को तहस-नहस कर दिया और होटल और होमस्टे समेत अपने रास्ते में आने वाली हर चीज को बहा ले गया जिससे कई लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ श्वान दस्ते और पीड़ितों का पता लगाने वाले 'थर्मल इमेजिंग' कैमरों जैसे अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से क्षतिग्रस्त इमारतों में गहन खोज करके धराली में मलबे में फंसे लोगों की तलाश कर रहा है। वायुसेना के चिनूक और एआई-17 हेलीकॉप्टर के अलावा उत्तराखंड नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के कई हेलिकॉप्टरों ने जिले के विभिन्न स्थानों पर शरण लिए हुए लोगों को बचाने के लिए सुबह से ही उड़ानें भरनी शुरू कर दीं।



*उत्तरकाशी जिले में आपदा प्रभावित क्षेत्र में SDRF के जवान BRO और PWD के इंजीनियरों और श्रमिकों को नदी को पार करने में मदद करते हुए।*

## खोज व बचाव अभियान पर जोर

उत्तराखंड के डीजीपी दीपम सेठ ने प्रभावित इलाकों का मौके पर निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से कहा, फंसे हुए लोगों को तेजी से निकालने के अलावा, हमें लापता लोगों की खोज और बचाव पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। जिला प्रशासन ने इस त्रासदी में चार लोगों की मौत, दो शव बरामद होने और आपदा के बाद से 49 लोगों के लापता होने की पुष्टि की है। गंगनानी के पास लिंचीगाड में बेली सेतु का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है ताकि प्रभावित इलाकों में सड़क संपर्क बेहतर बनाया जा सके।



*उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र में ग्रामीणों को निकालते हुए अग्निशमन दल के सदस्य और पुलिसकर्मी।*

उत्तरकाशी में तीन दिनों तक बचाव कार्यों की बारीकी से निगरानी करने के बाद देहरादून लौटे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को धराली आपदा में मारे गए लोगों के परिजनों और अपने घर गंवाने वालों को पांच-पांच लाख रुपए की तत्काल सहायता देने की घोषणा की।

## ISS में पांच महीने बिताने के बाद चार अंतरिक्ष यात्री लौटे



**वाशिंगटन।** स्टारलाइनर के फंसे हुए परीक्षण पायलटों को राहत देने के लिए लगभग पांच महीने पहले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पहुंचे चार अंतरिक्ष यात्री शनिवार को पृथ्वी पर लौट आए। उनका स्पेसएक्स कैप्सूल, चक्कर लगा रही प्रयोगशाला से प्रस्थान करने के एक दिन बाद, दक्षिणी कैलिफोर्निया तट से प्रशांत महासागर में पैराशूट से उतरा। स्पेसएक्स मिशन कंट्रोल ने रेडियो पर प्रसारित किया, घर में आपका स्वागत है। नासा की एनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान के ताकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव धरती पर उतरे। इन्हें मार्च में स्टारलाइनर के असफल प्रदर्शन के लिए नियुक्त किए गए दो नासा अंतरिक्ष यात्रियों की जगह लेने के लिए भेजा गया था। स्टारलाइनर में खराबी के कारण बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स एक हफ़्ते के बजाय नौ महीने से ज़्यादा समय तक अंतरिक्ष केंद्र पर फंसे रहे। नासा ने बोइंग के नए क्रू कैप्सूल को खाली वापस लौटने का आदेश दिया दिया।

## बांग्लादेश में फरवरी 2026 में चुनाव होंगे: निर्वाचन आयोग

**ढाका।** बांग्लादेश के चुनाव निकाय प्रमुख ने शनिवार को कहा कि आम चुनाव फरवरी 2026 के पहले सप्ताह में होंगे, लेकिन इसे स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से सुनिश्चित कराया जाना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। हालांकि, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) एएमएम नासिर उद्दीन ने कहा कि कार्यक्रम की घोषणा से दो महीने पहले सही तारीख का खुलासा किया जाएगा। सीईसी की यह टिप्पणी अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस द्वारा यह घोषणा किए जाने के चार दिन बाद आई है कि चुनाव अगले साल फरवरी में होंगे।

**युद्ध समाप्ति के प्रयास:** एक दशक बाद अमेरिका जाएंगे रूसी राष्ट्रपति

# ट्रंप की योजना पर भड़के जेलेंस्की कहा- क्षेत्रीय अखंडता पर समझौता नहीं

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

रूस और यूक्रेन में जारी युद्ध को रोकने की कोशिश के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले सप्ताह अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से मिलने वाले हैं। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ट्रंप और पुतिन के बीच प्रस्तावित बैठक को खारिज करते हुए शनिवार को चेताया कि अगर कोई शांति समझौता कीव को शामिल किए बिना किया गया तो यह समाधान बेमानी होगा। टेलीग्राम पर एक बयान में जेलेंस्की ने कहा कि संविधान में निहित यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं हो सकता। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति टंप ने ट्रुथ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि वह आगामी 15 अगस्त को रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे। ट्रंप ने लिखा, मेरी और पुतिन की बहुप्रतीक्षित मुलाकात अगले शुक्रवार 15 अगस्त 2025 को अलास्का में होगी। सोशल मीडिया पर घोषणा के पहले ट्रंप ने कहा था कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की समेत दोनों पक्ष एक युद्धविराम समझौते के करीब हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा, दोनों देशों के हित में कुछ भू-भागों की अदला-बदली होगी। दूसरी ओर टेलीग्राम पर एक बयान में जेलेंस्की ने कहा कि संविधान में निहित यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं हो सकता।

### क्या है ट्रंप की योजना

- 15 अगस्त को अमेरिका के अलास्का में वार्ता हो।
- ट्रंप का संकेत, जमीन की हो सकती है अदला-बदली यानी यूक्रेन को रूस के नियंत्रण वाला इलाका छोड़ना पड़ सकता है।



### भारत ने बैठक का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** भारत ने यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के तौर-तरीकों पर चर्चा के लिए अलास्का में अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली शिखर वार्ता का शनिवार को स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि भारत इन प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार है। मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस निरंतर रुख को याद दिलाया कि यह युद्ध का युग नहीं है।

### यूक्रेन को बातचीत में शामिल किया जाए: जेलेंस्की



जेलेंस्की ने इस बात पर जोर दिया कि स्थायी शांति के लिए वार्ता में यूक्रेन को भी शामिल किया जाना चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन 'रूस को उसकी करतूतों के लिए कोई इनाम थोड़े ही देगा' और 'यूक्रेनवासी अपने जमीन को जबरन कब्जे करने वाले को नहीं देंगे।' जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन को शामिल किए बिना जो भी हल निकाले जाएंगे, वे शांति के खिलाफ होंगे। ऐसे फैसलों से कुछ नहीं मिलेगा। ये बेमानी समाधान हैं, जो कभी काम नहीं करेंगे। पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने शनिवार को क्रेमलिन के समाचार चैनल पर जारी एक बयान में कहा, दोनों देशों के नेताओं के बीच इस महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन का अलास्का में होना पूरी तरह से तर्कसंगत लगता है। उम्मीद की जा रही है कि इस मुलाकात से सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते हैं। हालांकि, पिछले कुछ हफ्तों से ट्रंप इस बात को लेकर निराशा व्यक्त कर रहे हैं कि संघर्ष को रोकने के लिए ज्यादा प्रयास नहीं हो रहे हैं।

### यूक्रेन के खेरसॉन शहर पर ड्रोन हमला

इस बीच, यूक्रेन के शहर खेरसॉन के उपनगरीय इलाके में शनिवार को रूसी ड्रोन से एक मिनीबस पर हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए। खेरसॉन के गवर्नर ओलेक्सांद्र प्रोकुडिन ने यह जानकारी दी। जापोरिज्जिया के गवर्नर इवान फेडोरोव के अनुसार, क्षेत्र में एक रूसी ड्रोन के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन की वायुसेना ने शनिवार को कहा कि उसने शुकवार रात में दागे गए 47 रूसी ड्रोनों में से 16 को नष्ट कर दिया, जबकि 31 ड्रोन 15 अलग-अलग जगहों पर गिरे। वायु सेना ने यह भी कहा कि उसने रूस द्वारा दागी गई दो मिसाइल में से एक को गिरा दिया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके हवाई सुरक्षा बलों ने शनिवार रात तक रूस और काला सागर के ऊपर 21 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया।

**निर्वाचन आयोग सख्त, फिर दोहराया-**

# राहुल गांधी घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करें या माफी मांगें

**एजेंसी** | नई दिल्ली




कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा 'वोट चोरी' का आरोप लगाए जाने के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने शनिवार को एक बार फिर विपक्ष के नेता पर दबाव डाला कि या तो वह अपने दावों के समर्थन में घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करें या फिर फर्जी आरोप लगाने के लिए देश से माफी मांगें। कम से कम तीन राज्यों में कथित वोट चोरी को लेकर गांधी और निर्वाचन आयोग के बीच हुई तीखी बहस के एक दिन बाद, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने फिर से कांग्रेस नेता से उनके दावों की पुष्टि के लिए हस्ताक्षरित घोषणापत्र पर जोर दिया। एक अधिकारी ने कहा कि राहुल गांधी को या तो नियमों के अनुसार घोषणा करनी चाहिए या अपने झूठे आरोपों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

### मतदाता मसौदा सूची पर किसी भी दल ने अब तक नहीं दर्ज कराई आपत्ति

निर्वाचन आयोग ने शनिवार को यह भी कहा कि बिहार मतदाता सूची का मसौदा एक अगस्त को प्रकाशित होने के बाद से किसी भी राजनीतिक दल ने उसमें नाम शामिल करने या हटाने के लिए उससे संपर्क नहीं किया है। मसौदा सूची एक सितंबर तक दावों और आपत्तियों के लिए उपलब्ध रहेगी, जिसके तहत राजनीतिक दल और व्यक्ति छूटे हुए पात्र नागरिकों को शामिल करने और उन लोगों को बाहर करने की मांग कर सकते हैं, जिन्हें वे अयोग्य मानते हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा कि एक अगस्त से नौ अगस्त के बीच, राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किसी भी बूथ-स्तरीय एजेंट ने दावे और आपत्ति प्रक्रिया में चुनाव अधिकारियों से संपर्क नहीं किया है। दूसरी ओर, 7,252 लोगों ने मसौदा मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने के लिए आयोग से संपर्क किया है। एक अधिकारी ने कहा, निर्वाचन आयोग बार-बार कह रहा है कि बिहार की अंतिम मतदाता सूची में किसी भी पात्र मतदाता को न छोड़ा जाए और न ही किसी अपात्र मतदाता को शामिल किया जाए।

**रेल मंत्री वैष्णव की घोषणा-** राष्ट्रीय माल नेटवर्क से जुड़ा कश्मीर

# अनंतनाग पहुंची पहली मालगाड़ी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि अनंतनाग गुड्स शेड पहुंची मालगाड़ी कश्मीर घाटी को राष्ट्रीय माल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उत्तर रेलवे ने शनिवार को पहली बार पंजाब के रूपनगर से कश्मीर के अनंतनाग तक सीमेंट ले जाने वाली मालगाड़ी चलाई। वैष्णव ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि शनिवार को पहली मालगाड़ी पंजाब से कश्मीर घाटी में नवनिर्मित अनंतनाग गुड्स शेड पहुंची, जो कश्मीर क्षेत्र को राष्ट्रीय माल नेटवर्क से जोड़ने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



*अनंतनाग में पहुंची पहली रेलगाड़ी।*

उन्होंने कहा कि रेलवे नेटवर्क द्वारा माल ढुलाई से कश्मीर घाटी में रहने वाले हमारे नागरिकों के लिए लागत कम हो जाएगी। उत्तर रेलवे ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि ट्रेन में सीमेंट के 21 बीसीएन वैगन लदे थे। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने कहा कि लगभग 600 किलोमीटर की यह यात्रा 18 घंटे से भी कम समय में नवनिर्मित अनंतनाग गुड्स शेड पर समाप्त हुई। उन्होंने कहा कि सीमेंट लेकर पहली बार मालगाड़ी वहां पहुंची है।

## गुफा मंदिर पहुंची छड़ी मुबारक, यात्रा सम्पन्न

**श्रीनगर।** भगवान शिव के केसरिया वस्त्र में लिपटी पवित्र 'छड़ी मुबारक' को शनिवार को पारंपरिक पूजा और अनुष्ठान के लिए अमरनाथ पवित्र गुफा ले जाया गया जिसके साथ वार्षिक तीर्थयात्रा औपचारिक रूप से संपन्न हो गई। अधिकारियों ने कहा कि पवित्र छड़ी के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में पवित्र गुफा में विशेष प्रार्थना आयोजित की गई। 'आरती' के बाद छड़ी मुबारक रात के विश्राम के लिए पुनः पंचतरणी लौट आई। यह पवित्र छड़ी रविवार को पहलगाम के लिए रवाना होगी जहां सोमवार को लिद्दर नदी के किनारे पूजन और विसर्जन समारोह होगा।

## श्री शंकराचार्य मंदिर में पूजा-अर्चना



***श्रीनगर।** रक्षाबंधन उत्सव के अवसर पर शनिवार को श्रीनगर के श्री शंकराचार्य मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे लोग।*

**डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के दीक्षांत समारोह में बोले डीआरडीओ प्रमुख कामत**

# ऑपरेशन सिंदूर रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का प्रमाण

■ दो-तीन साल में रक्षा निर्यात दोगुना होने की उम्मीद

**एजेंसी** | पुणे

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अध्यक्ष समीर कामत ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' आत्मनिर्भरता, रणनीतिक दूरदर्शिता और स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत की ताकत का उद्घोष है।

कामत ने यहां डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (डीआईएटी) के 14वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिमी सीमाओं पर अत्यंत समन्वित एवं बहुआयामी अभियान ने न केवल सैनिकों के साहस को प्रदर्शित किया, बल्कि उस प्रौद्योगिकी को भी रेखांकित किया, जिसने उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद उन्हें उम्मीद है कि अगले दो से तीन वर्षों में भारत का रक्षा निर्यात दोगुना हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' एक मिशन से कहीं अधिक था। यह अभियान दुनिया के लिए एक संदेश था कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा स्वदेशी तकनीक के माध्यम से करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि सेंसर, ड्रोन और सुरक्षित संचार से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित निर्णय लेने में सहायक प्रणाली और सटीक हथियारों तक, स्वदेशी संसाधनों ने अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




*डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के 14वें दीक्षांत समारोह में डीआरडीओ प्रमुख समीर कामत (बाएं) व अन्य लोग।*

### इन स्वदेशी रक्षा प्रणालियों ने दिखाया कमाल

कामत ने कहा कि अभियान के लिए तैनात प्रणालियों में 'आकाश' सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, 'ब्रह्मोस' सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, डी4 एंटी-ड्रोन सिस्टम, एडब्ल्यूएनसी एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम और आकाशतीर प्रणाली शामिल हैं। ये सभी भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास तंत्र द्वारा विकसित की गई हैं। हम अब एक ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां युद्ध की परिभाषा तेज़ी से विस्तृत हो रही है। युद्ध अब सीमाओं या अग्रिम मोर्चों तक सीमित नहीं रह गए हैं। वे विभिन्न क्षेत्रों में लड़े जाते हैं - भूमि, वायु, समुद्र, अंतरिक्ष, साइबरस्पेस और यहां तक कि विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम में भी। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए कामत ने कहा कि सुखोई एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमानों से इस्तेमाल किया जाने वाला ब्रह्मोस, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान प्राथमिक हथियार था। कामत ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा उपयोग किये जाने वाले रडारों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए, हमारी अपनी क्षमताएं होना अत्यंत आवश्यक है और तभी देश संप्रभु निर्णय ले सकता है।

**कई दशकों से जारी दुश्मनी खत्म**

# आर्मेनिया व अजरबैजान के बीच शांति समझौता

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच एक ऐतिहासिक शांति समझौते की घोषणा की है। दोनों देशों के नेताओं ने दशकों से चले आ रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए व्हाइट हाउस में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान दोनों देशों ने वॉशिंगटन के साथ भी समझौता किया, जिसके बाद दक्षिण काकेशस क्षेत्र के प्रमुख परिवहन मार्गों को खोलने पर सहमति बनी। व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि इस समझौते में एक महत्वपूर्ण ट्रांजिट कॉरिडोर बनाना शामिल है, जिसका नाम अंतरराष्ट्रीय शांति और समृद्धि के लिए ट्रंप मार्ग रखा गया है।

### ट्रंप के नाम पर गलियारा

ट्रंप ने गलियारे का नाम अपने नाम पर रखे पर कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि मैंने इसके लिए नहीं कहा था। अजरबैजान के राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव ने कहा कि यह गलियारा कई देशों के लिए संपर्क के अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा, हम रणनीतिक साझेदारी की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। आर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान ने इस समझौते को मील का पत्थर बताया और कहा, हम अतीत की तुलना में एक बेहतर कहानी लिखने की नींव रख रहे हैं।

## यूनिवर्सल वुमन-2025 की फाइनलिस्ट्स के सम्मान में डिनर, सुंदरियों को भाया जयपुर का वैभव

# रॉयल पैलेस में शाही अंदाज में मनाया सुंदरता और वैश्विक प्रतिभा का उत्सव

**बेधड़क** | जयपुर


भारत 24: विजन ऑफ न्यू इंडिया और फर्स्ट इंडिया की ओर से डॉ. जगदीश चंद्र ने रामबाग पैलेस में यूनिवर्सल वुमन-2025 के ग्रैंड फिनाले से पहले दुनिया की 39 फाइनलिस्ट्स के सम्मान में डिनर का आयोजन किया। यह शाम नारी गरिमा, प्रतिभा और भारतीय परंपरा की मेहमाननवाजी का संगम रही। 39 ब्यूटीज का स्वागत फूलों और गिफ्ट हैम्पर्स से किया गया, जिससे वे रोमांचित नजर आईं। कार्यक्रम का संचालन मिताली दुसाद ने किया, जबकि कॉर्डिनेशन अंशिका चौधरी और कविता चौहान का रहा। कार्यक्रम में रामबाग पैलेस के फूड एंड बेवरेज डायरेक्टर प्रदीप कुमार और जनरल मैनेजर अशोक राठौड़ उपस्थित रहे। डॉ. जगदीश चंद्र ने अशोक राठौड़ के नेतृत्व में रामबाग की वैश्विक पहचान की सराहना की। गौरतलब है कि यूनिवर्सल वुमन-2025 का ग्रैंड फिनाले रविवार को जयपुर के जी स्टूडियो में आयोजित किया जाएगा।

### 39 युवतियां विश्व की नारी शक्ति की प्रतीक

यूनिवर्सल वुमन की सीईओ कैरोलिना लंदन और यूनिवर्सल वुमन-2024 की विनर मारिया सेसाल्डो गिगांते ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर ग्लैमानंद ग्रुप चेयरमैन और मिस यूनिवर्स इंडिया नेशनल डायरेक्टर निखिल आनंद की भी विशेष रूप से सराहना की गई। डॉ. चंद्र ने कहा कि ये 39 युवतियां विश्व की नारी शक्ति की प्रतीक हैं। जयपुर के शाही पैलेस में उनका स्वागत करना गर्व की बात है। मैं अशोक राठौड़, कैरोलिना और निखिल आनंद को उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद देता हूं। कैरोलिना ने कहा कि जयपुर की सुंदरता और शाही स्वागत ने दिल छू लिए। यह अनुभव हमेशा याद रहेगा। राजसी परिधानों में सजी प्रतिभागियों ने सम्मान और आत्मीयता के लिए डॉ. चंद्र का आभार व्यक्त किया।



*कैरोलिना लंदन (सीईओ, यूनिवर्सल वुमन), मारिया सेसाल्दो गिगांते (यूनिवर्सल वुमन 2024) और दुनिया भर से आई यूनिवर्सल वुमन 2025 की शानदार 39 फाइनलिस्ट्स के साथ डॉ. जगदीश चंद्र।*



*डॉ. जगदीश चंद्र।*



*कैरोलिना लंदन।*




*डॉ. जगदीश चंद्र का स्वागत करती कैरोलिना लंदन और मारिया सेसाल्दो गिगांते।*



*डॉ. जगदीश चंद्र का स्वागत करते प्रदीप कुमार और कैरोलिना लंदन।*

### पहले से बड़ा होगा 'द लक्स लेगसी' शो





**बेधड़क. जयपुर।** फैशन शो द लक्स लेगसी शो-2025 फिर लौट रहा है। क्षितिज माथुर (संस्थापक व क्रिएटिव डायरेक्टर) और अक्षिता माथुर (बिजनेस हेड) के नेतृत्व में शो खास है। द लक्स लेगसी शो केवल रैम्प वॉक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य डिजाइनर्स, क्रिएटर्स और दर्शकों को पारंपरिक दायरों से मुक्त करना है। 2025 संस्करण की शुरुआत 6 अगस्त को 'पारो- द मॉडर्न इंडियन बार' में पोस्टर लॉन्च और प्री-इवेंट से हुई थी। खास शाम के लिए पारो के मालिक आयुष खंडेलवाल को धन्यवाद दिया गया, जिनका स्टाइलिश वेन्यू लक्स लेगसी की आधुनिक और पारंपरिक के मेल की सोच को पूरी तरह दर्शाता है। इस वर्ष का शो पहले से बड़े कोलैबोरेशन्स, खास कॉन्सेप्ट्स और खास फैशन प्रस्तुतियों के साथ होगा।

### आज निकलेगी तिरंगा वाहन रैली

**बेधड़क. जयपुर।** सर्व समाज सनातन समिति राजस्थान के तत्वावधान में रविवार सुबह 9 बजे तिरंगा रैली निकाली जाएगी। सांगानेर विधानसभा से तिरंगा झंडा लगाकर दुपहिया वाहन चालक तिरंगा साफा पहनकर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के सामने सुमेर नगर की ओर जाने वाली सड़क पर एकत्रित होंगे। पंक्तिबद्ध होकर एसएफएस मध्यम मार्ग होते हुए सिटी पार्क, वीटी रोड से रिद्धि-सिद्धि चौराहा, गोपालपुरा चौराहा, टोंक रोड, रामबाग चौराहा से मुड़कर अमर जवान ज्योति तक जाएंगे। रैली में युवा व मातृशक्ति के साथ समाज के विभिन्न लोग शामिल होंगे, जिनका समापन पर सम्मान किया जाएगा। मीडिया संयोजक मुकेश भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम में कार्यकारिणी अध्यक्ष मेघेंद्र शर्मा के साथ कमलेश टांक, ललित चांदकोटिया, विवेक गोयल, गिरराज शर्मा, पारस जैन, जितेंद्र शेखावत, अरुण जोशी, अनमोल माथुर, अभिनव जोशी, सोमेश शर्मा व धर्मेंद्र तिवाड़ी व्यवस्था संभालेंगे। संत प्रकाश दास महाराज व राजनीतिक-सामाजिक संस्थाएं शोभा बढ़ाएंगी।

## City इवेंट्स

### युवा-महिला सम्मेलन व गोठ आज



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की ओर से भगवान महावीर के 2551वें निर्वाण वर्ष के दौरान युवा व महिला एकता को मजबूती देने के लिए रविवार को आचार्य सुंदर सागर महाराज के सानिध्य में युवा व महिला सम्मेलन होगा। सम्मेलन व सामूहिक गोठ के पोस्टर का विमोचन किया गया। युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि सांगानेर संभाग के तत्वावधान में, संभाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोड़िया व संभाग महामंत्री एडवोकेट महावीर सुरेंद्र जैन के नेतृत्व में होने वाले सम्मेलन व सामूहिक गोठ में जयपुर महानगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से 1500 से अधिक लोग शामिल होंगे। सम्मेलन में समारोह गौरव के रूप में युवा समाजसेवी मनोज-सीमा सोगानी पहाड़ी वाले, मुख्य अतिथि विनय-स्नेहलता सोगानी, दीप प्रज्वलनकर्ता पारस-पूजा पाटनी मोहनबाड़ी, चित्र अनावरणकर्ता दीपेश-अल्का छाबड़ा महारानी फार्म, विशिष्ट अतिथि पवन-आशा गोधा सिद्धार्थ नगर, अमित-ऋतु गोधा मंगल विहार, कमल-सुधा सरावगी व मुनि भक्त कैलाश चंद माणक चंद, रमेश ठोलिया गुरु पाद पक्षालनकर्ता परिवार तथा यूथ आइकॉन नमन पचौरी उदयपुर अतिथि होंगे। जिला अध्यक्ष संजय पांड्या, जिला महामंत्री सुभाष बज, सांगानेर संभाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोड़िया व महामंत्री एडवोकेट महावीर सुरेंद्र जैन ने बताया कि सम्मेलन में मोटिवेशनल स्पीच, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, सम्मान समारोह, जैन धार्मिक हाउजी, पुरस्कार वितरण और मंगल प्रवचन कार्यक्रम होंगे।

### गलता तीर्थ में हुआ श्रावणी उपाकर्म का आयोजन



**बेधड़क. जयपुर।** सावन की पूर्णिमा के अवसर पर गालव ऋषि की तपोस्थली गलता तीर्थ में आचार्य ज्ञानमूर्ति पंडित दिवाकर शास्त्री के सान्निध्य में वैदिक ब्राह्मणों ने विधिवत श्रावणी उपाकर्म निष्ठापूर्वक किया। पंडित दिवाकर शास्त्री ने बताया कि श्रावणी पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला पर्व आत्मशुद्धि, प्रायश्चित और ज्ञान की प्राप्ति का प्रतीक है। इस दिन ब्राह्मण अपने यज्ञोपवीत को बदलते हैं, जो हमें सद्मार्ग, परोपकार और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के संकल्प की याद दिलाता है। इस दिन ऋषियों का स्मरण व पूजन किया जाता है, जिन ऋषियों ने हमें शास्त्र से जीवन जीने की शैली दी। वैदिक ब्राह्मण शास्त्र अध्ययन के संकल्प को भी दोहराते हैं, आध्यात्मिक मार्ग पर चलते हैं व परमात्मा की प्राप्ति का दृढ़निश्चय करते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय कथावाचक सतीश शास्त्री, महंत नारायणदासजी, हरिवल्लभ अवस्थी, दिनेश तिवारी, स्वामी गोविंदाचार्य, भूपेंद्र शुक्ल, आशीष तिवारी, भगवताचार्य नीरज आदि मौजूद रहे।

## झाड़खंड महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक और महाप्रसादी का आयोजन

# भोलेनाथ की झांकी में खोए श्रद्धालु, 'बम-बम भोले' से गूंजा मंदिर



*डॉ. जगदीश चंद्र का स्वागत करते सविता माथुर और महेश माथुर। उनके साथ में मौजूद हैं निर्मल तिवारी।*



*महेश माथुर और आईएएस संदेश नायक।*



*झाड़खंड महादेव की सुंदर झांकी।*

**बेधड़क** | जयपुर

आस्था और श्रद्धा से भरे वातावरण में झाड़खंड महादेव मंदिर में वार्षिक रुद्राभिषेक और महाप्रसादी का आयोजन किया गया। आयोजन की मेजबानी खनन विभाग के अपर निदेशक महेश माथुर और उनकी पत्नी सविता माथुर ने की। इस अवसर पर डॉ. जगदीश चंद्र ने शामिल होकर मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना की। माथुर परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में फर्स्ट इंडिया न्यूज के एसोसिएट एडिटर निर्मल तिवारी, आईएएस संदेश नायक, राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए वरिष्ठ खनन अधिकारी, कर्मचारीगण, खनन समुदाय के सदस्य और उनके परिजन शामिल हुए। भगवान भोलेनाथ की झांकी ने श्रद्धालुओं को मुग्ध कर दिया, वहीं मंदिर 'बम बम भोले' के जयघोष से गूंजता रहा।

## नजर फोटो एग्जिबिशन का पोस्टर लॉन्च




*'नजर फोटो एग्जिबिशन' के पोस्टर का विमोचन करते कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत*

**बेधड़क** | जयपुर

विश्व फोटोग्राफी दिवस के उत्सव के तहत 'नजर फोटो एग्जिबिशन' का आयोजन जेकेके में किया जाएगा। 24 से 26 अगस्त तक होने वाले आयोजन का पोस्टर लॉन्च किया गया। पोस्टर कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत और विधायक गोपाल शर्मा ने जारी किया। इस अवसर पर संस्थापक व निदेशक संजय कुमावत, सतिंदर सिंह, कुनाल सिंह और डॉ. कार्तिक उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी में 300 से अधिक फोटोग्राफरों द्वारा ली गई 600 से अधिक शानदार तस्वीरें प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, फोटो पत्रकार, फोटोग्राफर्स, डॉक्टर्स, स्टूडेंट, फ्रीलांस फोटोग्राफर्स तथा राजस्थान सहित देश-विदेश के चुनिंदा छायाकारों की कृतियां शामिल होंगी। अब तक 1300 से अधिक बच्चों को एग्जिबिशन में निशुल्क भागीदारी कराई जा चुकी है, जिससे बच्चे फोटोग्राफी में आगे बढ़ सकें।

## राखी पर टीम 10 ट्री एम्बुलेंस ने 162 पौधे लगाए

**बेधड़क** | जयपुर

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्यरत टीम 10 ट्री एम्बुलेंस ने रक्षा बंधन पर भी पौधरोपण और सफाई अभियान जारी रखा। टीम के प्रयासों से कुल 162 पेड़ लगाए गए। अभियान में 29 लोगों ने भाग लिया और कार्य को सफल बनाने में सहयोग दिया।

पौधों की सिंचाई के लिए 8 टैंकर पानी डाला गया, जिससे रोपित पौधों को पर्याप्त नमी मिल सके। साथ ही सफाई के तहत 1 पिकअप मलबा भी हटाया गया। लोगों ने बताया कि पर्यावरण के प्रति टीम की पहल सराहनीय है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी भी है।



पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, रविवार, 10 अगस्त, 2025





"एक अच्छा नेता अपने लोगों की बात यदि दिमाग से नहीं तो दिल से जरूर सुनता है।
**डॉ. जगदीश चंद्र,** सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

**अलवर दौरे पर केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव: शिक्षा संस्थानों को लेकर बोले...**

# बच्चों को प्रोडक्ट नहीं, बल्कि उनका व्यक्तित्व बनाने पर करें फोकस

### यादव ने कहा- मातृ भाषा का ज्ञान संस्कार के लिए आवश्यक, रिवाला धाम में 150 बच्चों का उपनयन एवं मेखला संस्कार कार्यक्रम

**बेधड़क** | अलवर

केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि आज शिक्षा संस्थानों की कमी नहीं है, लेकिन शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी व्यक्तित्व (पर्सनैलिटी) के रूप में नहीं, बल्कि केवल उत्पाद (प्रोडक्ट) के रूप में निकल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाषा का ज्ञान संस्कार के लिए आवश्यक है, इसलिए नई शिक्षा पद्धति में प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में देने पर बल दिया गया है। यादव ने कहा कि हमारे यहां दो प्रकार की विद्या होती है, परा विद्या और अपरा विद्या, एक का उपयोग सामाजिक जीवन, अर्थ, व्यापार और व्यवसाय के लिए होता है, जबकि दूसरी का उद्देश्य जीवन के सत्य को जानना होता है। केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को कोटपुतली-बहरोड़ क्षेत्र के मलपुरा स्थित रिवाला धाम में श्रावणी उपाकर्म महोत्सव और ज्ञान ज्योति गुरुकुलम के बच्चों के उपनयन, यज्ञोपवीत एवं मेखला संस्कार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर महंत गणेशानंद महाराज को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने इस ऊर्जावान भूमि को अपनी कर्मस्थली बनाकर यहां नई ऊर्जा का संचार किया है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने हवन यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र और देश में सुख, समृद्धि और उन्नति की कामना की।



*ज्ञान ज्योति गुरुकुलम के बच्चों के उपनयन, यज्ञोपवीत संस्कार के दौरान हवन करते भूपेंद्र यादव एवं यज्ञोपवीत में शामिल बच्चे।*

#### विद्यार्थी अपनाएं नियमबद्ध दिनचर्या

तीन दर्शनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भूपेंद्र यादव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में यदि ब्रह्ममुहूर्त में उठकर नियमबद्ध दिनचर्या नहीं अपनाई जाती, तो जल्दी उठने का कोई लाभ नहीं। लाइब्रेरी खोलने के उद्देश्य पर मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ 'अतिरिक्त जानने' की भावना जागृत करनी होगी, क्योंकि जब तक यह भावना नहीं होगी, हमारे पास बुनियादी निगरानी और नेतृत्व क्षमता विकसित नहीं होगी।

#### मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि अब यह समय नहीं रहा, जब किसी हमले के डर से हमारे विग्रहों को भूमिगत करना पड़े। 500 वर्ष पूर्व श्रीराम मंदिर के विग्रह को ध्वस्त किया गया था, जिसकी पुनर्स्थापना प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत इतना सक्षम हुआ है कि यदि पाकिस्तान ने हमारे 26 लोगों को धर्म के आधार पर निशाना बनाया, तो 150 किलोमीटर अंदर जाकर उनके ठिकानों को नष्ट किया गया।

**बेधड़क FIRST**

### प्रदेश यूथ कांग्रेस में नियुक्तियों को लेकर विवाद

राजस्थान प्रदेश यूथ कांग्रेस में हालिया नियुक्तियों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। उदयपुर के एक युवा नेता को यूथ कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किया गया है, जबकि 2023 विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस विरोधी पार्टी जनता सेना के लिए प्रचार किया था। इसके चलते यूथ कांग्रेस ने उन्हें उस समय निष्कासित कर दिया था। अब ऐसे नेता की पुनर्नियुक्ति को लेकर संगठन के भीतर असंतोष पैदा हो रहा है।

### खनन पर सख्ती से उद्योग में नाराजगी, खनन संचालकों की हाई कोर्ट में याचिका

राजस्थान खान विभाग की कार्रवाई को लेकर खनन उद्योग में असंतोष गहराता जा रहा है। विभाग ने कई लीज धारकों पर नोटिस दिए बिना एफआईआर दर्ज कर खदानों को बंद करने का आदेश दे दिया है। संचालकों का आरोप है कि उन्हें 25 जुलाई को नोटिस मिला, जिसमें 31 जुलाई तक जवाब देने की मोहलत थी, लेकिन उससे पहले ही कार्रवाई कर दी गई। इस मनमानी के खिलाफ कई प्रभावित लीजधारकों ने हाईकोर्ट का रुख किया है। खनन ठप होने से राज्य के राजस्व और रोजगार पर असर पड़ रहा है। क्रेशर संचालकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

### परिवहन विभाग में जारी है डेपुटेशन से पोस्टिंग का सिलसिला

राजस्थान परिवहन विभाग में एक बार फिर डेपुटेशन से पोस्टिंग को लेकर चर्चाएं तेज हैं। कनिष्ठ सहायक विकास साबू को जोधपुर आरटीओ में वापस भेज दिया गया है, जबकि उनका तबादला कुछ महीने पहले ही जयपुर मुख्यालय किया गया था। अब उन्हें डेपुटेशन के जरिए फिर से जोधपुर में नियुक्त किया गया है, जिसे विभागीय नियमों पर सवालों खड़े हो गए है।

### पर्यटन सत्र से पहले RTDC की तैयारियां तेज, 30 से ज्यादा यूनिट्स होंगे अपग्रेड

राजस्थान पर्यटन विकास निगम ने आगामी पर्यटन सत्र से पहले अपने होटलों और यात्रिकाओं को नए रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी शुरू कर दी है। 30 से अधिक यूनिट्स में मरम्मत, पेंटिंग, फर्नीचर परिवर्तन और सफाई कार्य किया जा रहा है। जोधपुर, जैसलमेर, पुष्कर, माउंट आबू और उदयपुर में होटलों को हेरिटेज टच देने की योजना है। साथ ही राजस्थानी थाली, लाइव म्यूजिक और क्षेत्रीय व्यंजन जैसे नवाचार भी किए जाएंगे। आरटीडीसी ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम, वेबसाइट के यूआई/यूएक्स में सुधार और निजी होटलों से प्रतिस्पर्धा के लिए लचीली दरों पर काम कर रहा है।

**मुख्यमंत्री निवास पर सीएम भजनलाल शर्मा ने मनाया रक्षाबंधन पर्व**

# नारियों ने महान कार्यों से रचा इतिहास: भजनलाल




*जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीरांगनाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी बहनों एवं स्कूल-कॉलेज छात्राओं से रक्षासूत्र बंधवाया।*

### माता-बहनों के सशक्त होने से ही देश और प्रदेश बनेगा उत्कृष्ट: CM

### छात्राओं और वीरांगनाओं सहित प्रदेशभर की बहनों ने बांधे रक्षासूत्र

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि माता-बहनों के शिक्षित एवं सशक्त होने से ही देश और प्रदेश उत्कृष्ट बनेगा। हमारे देश की नारियों ने अपने महान कार्यों से इतिहास रचा है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे भी जीवन में साहसिक रूप से कार्य करते हुए अपने सपनों को पूरा करें। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीरांगनाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी बहनों एवं स्कूल-कॉलेज छात्राओं से रक्षासूत्र बंधवाया।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि इस त्योहार का हमारी संस्कृति में बहुत महत्व है। यह भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। हमारे ऐसे त्योहारों में समरसता एवं एकरूपता का संदेश निहित होता है। उन्होंने कहा कि हमारी परम्परा और विरासत को आगे बढ़ाने में बहनों का अहम योगदान है। बहनें परिवार में विभिन्न भूमिकाएं निभाते हुए उसे संजोने एवं संस्कारित करने की जिम्मेदारी निभाती है। इसलिए हमारी संस्कृति में बहनों का स्थान सर्वापरि होता है। शर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर छोटी एवं बड़ी बहनों का स्नेह एवं आशीर्वाद उन्हें मिला है। यह उनके लिए अभेद्य सुरक्षा कवच है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उपस्थित बहनों से संवाद किया और उन्हें सम्मानस्वरूप उपहार भेंट किए। इस दौरान चिकित्सा, कानून व्यवस्था एवं न्याय सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी नारी शक्ति ने राज्य सरकार की महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तीकरण को लेकर किए जा रहे प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस मौके पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी गीता शर्मा भी मौजूद रहीं।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को शनिवार को रक्षा सूत्र बांधतीं हुई बालिकाएं।*

#### सामाजिक कार्यों से जुड़ें महिलाएं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्य क्षेत्रों के साथ ही सामाजिक सरोकारों के माध्यम से भी देश को आगे बढ़ाया है। उन्होंने स्वच्छता, लिंगानुपात, पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में अभियान चलाकर देशभर में जन-जागरूकता की अलख जगाई। मुख्यमंत्री ने उपस्थित बहनों से आह्वान किया कि वे पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के साथ ही सामाजिक कार्यों से भी जुड़ें और केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित भाई-बहनों को उनका लाभ दिलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इससे ही समाज में बदलाव आएगा।

**लोकसभा अध्यक्ष का कोटा दौरा**

## संस्कृति और स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासियों की अमिट भूमिका

**बेधड़क** | कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आदिवासी समुदाय ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ-साथ हमारी संस्कृति, परंपराओं और स्वतंत्रता आंदोलन में अमिट भूमिका निभाई है। आदिवासी समाज केवल संस्कृति का वाहक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा और निर्माण में सक्रिय सहभागी भी हैं और आत्मनिर्भर भारत का एक सफल मॉडल भी हैं। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर शनिवार को लोकसभा अध्यक्ष कोटा के रंगबाड़ी में कोटिया भील प्रतिमास्थल पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने खादी बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज मेहता और नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी के साथ कोटिया भील की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और बिरसा मुंडा जैसे आदिवासी नायकों को याद करते हुए आदिवासी समाज को शिक्षा के प्रसार और नए दौर के साथ कदमताल करके चलने की नसीहत दी।



*कोटिया भील की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते ओम बिरला।*

### अभिनव राजस्थान पार्टी के डॉ. अशोक चौधरी ने थामा भाजपा का दामन



**जयपुर**। अभिनव राजस्थान पार्टी के संस्थापक और कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. अशोक चौधरी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

नागौर से ओबीसी नेता डॉ. चौधरी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की मॉनिटरिंग तथा किसानों को समय पर मुआवजा दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने खींवसर चुनाव में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में भी सक्रिय सहयोग दिया था।

**गुजरात दौरे पर विधानसभा अध्यक्ष, कहा...**

## हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति-श्रद्धा का प्रतीक है सोमनाथ मंदिर: देवनानी

**बेधड़क** | जयपुर

सावन मास के अंतिम दिन पूर्णिमा के पावन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को गुजरात के सौराष्ट्र स्थित प्राचीन सोमनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक एवं विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली, जनकल्याण एवं सबके उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामनाएं कीं।

देवनानी ने इस अवसर पर कहा कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। पूर्णिमा के दिन की गई पूजा-अभिषेक से जीवन में शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की हजारों वर्षों पुरानी संस्कृति, संकल्पशक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है। यहां की भव्यता और दिव्यता अद्भुत तथा अलौकिक है। पूजा-अभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति एवं श्रद्धा का विशेष माहौल रहा। इस अवसर पर स्थानीय श्रद्धालु, मंदिर पुजारी एवं अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



*सोमनाथ में भगवान शिव का जलाभिषेक व पूजा-अर्चना करते वासुदेव देवनानी।*

**केंद्रीय मंत्री शेखावत ने किया आदर्श डिफेंस एंड स्पोर्ट्स अकादमी का अवलोकन**

# अकादमी तैयार करेगी सैन्य अधिकारी और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी

- पश्चिमी राजस्थान को मिलेगा सैन्य और खेल प्रशिक्षण का नया केंद्र
- 25 अगस्त को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे लोकार्पण

**बेधड़क** | जोधपुर

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को आदर्श डिफेंस एंड स्पोर्ट्स अकादमी, लालसागर का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अकादमी पश्चिमी राजस्थान में सैन्य अधिकारी एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने का अभिनव केंद्र बनेगी। अकादमी को विद्या भारती ने आर.के.दमानी राष्ट्रीय पुनरुत्थान और शिक्षा केंद्र के सहयोग से तैयार कराया है। अकादमी के माध्यम से विद्यार्थियों को सैन्य अधिकारी एवं राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी तैयार करना है। अकादमी का लोकार्पण आगामी 25 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतींद्र शर्मा एवं भामाशाह आर.के. दमानी द्वारा किया जाएगा। शेखावत ने लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर बैठक की, जिसमें लालसागर परियोजना के सचिव व विद्या भारती प्रबंध समिति आदर्श विद्या मंदिर जोधपुर के अध्यक्ष निर्मल गहलोत, जोधपुर के पूर्व सांसद जसवंत सिंह बिश्नोई, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष समाजसेवी देवेंद्र सालेचा, परियोजना सचिव शंभू सिंह उपस्थित रहे। शेखावत ने अकादमी स्टाफ से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर दिशा-निर्देश दिए। 16 अगस्त को बड़ी बैठककर संपूर्ण व्यवस्थाएं पूरी करने के लिए कहा। समिति अध्यक्ष निर्मल गहलोत ने संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा केंद्रीय मंत्री शेखावत के सामने रखी। परियोजना सचिव शंभू सिंह ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान क्षेत्र में अद्भुत केंद्र स्थापित किया जा रहा। इस अकादमी के माध्यम से विद्यार्थियों को सैन्य अधिकारी एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करना है।



*आदर्श डिफेंस एंड स्पोर्ट्स अकादमी का अवलोकन करते गजेंद्र सिंह शेखावत।*



*केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ आदर्श डिफेंस एंड स्पोर्ट्स अकादमी के पदाधिकारी।*

### शिष्टाचार भेंट



*राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शनिवार को राजभवन पहुंचकर राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। डॉ. चतुर्वेदी की राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष बनने के बाद राज्यपाल से यह पहली शिष्टाचार भेंट थी।*

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल: sachbedhadakdaily@gmail.com**, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।